हरिभूमि
# रायपुर भूमि





## शबाब पर खारुन, भव्यता ऐसी, एकटक निहारने सुबह से देर शाम उमड़ रहे लोग

- सुंदर नजारा देखने शहर के साथ आसपास के ग्रामीण भी उत्साहित
- परिवार के साथ पहुंच रहे महादेवघाट, सेल्फी का क्रेज
- एक छोर से दूसरे छोर तक पानी ही पानी



*शहर की जीवनदायिनी खारुन इन दिनों पूरे शबाब पर है। एक छोर से दूसरे छोर तक लबालब पानी के बीच कुदरत की खूबसूरती देखते ही बन रही है। इस अदभुत नजारे को नजदीक से निहारने राजधानी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग परिवार के साथ महादेवघाट पहुंच रहे हैं। खारुन नदी के पुल से उमड़ते-घुमड़ते अथाह जलधारा के बीच 2 से 2.5 फीट का फासला रह गया है। जल विभाग के जानकारों का कहना है, एक दो दिन और तेज बारिश हुई, तो पुल के ऊपर से पानी बहने का नजारा भी सामने होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी के बदलते स्वरूप ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। रायपुरा से अमलेश्वर होकर पाटन आने-जाने वाले मार्ग पर पुल से होकर गुजरने वालों को यह सुंदर नजारा देखते देखा जा सकता है। इनमें से कुछ लोग ऐसे भी दिखे, जो अपनी गाड़ी किनारे कर नदी में उठते भंवर प्राकृतिक बहाव का आनंद उठाने कुछ देर रुक रहे। एक छोर से दूसरे छोर तक नदी की ▶▶|शेष पेज 13 पर



### घाट किनारे लगी नौकाएं, लक्ष्मण झूला तक दिखा सुंदर नजारा

महादेवघाट से लक्ष्मण झूला तक का दृश्य बारिश के सीजन में देखने लायक है। दूरदराज से आने वाले पर्यटक इससे आकर्षित हो रहे हैं। आगंतुकों के लिए पूर्व में स्थानीय मछुआरों ने रंगीन सजावट वाली नौका नौकाविहार के लिए रखी थी। नदी में तेज बहाव को देखते हुए ये सभी नौकाएं अब घाट किनारे सुरक्षित जगह पर लगा दी गई हैं।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि - 27/07/24

### कांग्रेस के प्रदर्शन के चलते पंडरी, लोधीपारा चौक से लेकर शंकरनगर तक जाम की स्थिति

# विस कूच कर रहे कांग्रेसियों पर पानी की बौछार, पुलिस से झूमाझटकी, कई घायल, इलाका रहा जाम, नहीं खुले स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता बुधवार को विधानसभा घेराव के लिए निकले। प्रदर्शनकारियों को रोकने एक हजार से ज्यादा पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। पांच लेयर में बैरिकेड्स लगाए गए थे। पहला बैरिकेड्स तोड़ने के बाद प्रदर्शनकारियों को रोकने पुलिस ने वाटर कैनन छोड़े। इसके बाद भी प्रदर्शनकारी दूसरा बैरिकेड्स तोड़ने के लिए आगे बढ़े, इस दौरान प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच जमकर झूमाझटकी हुई और कई कांग्रेसियों को मामूली चोटें भी आईं।

- पहला बैरिकेड टूटने के बाद प्रदर्शनकारियों को रोकने वाटर कैनन छोड़े

गौरतलब है कि कांग्रेस के विधानसभा घेराव को देखते हुए कचहरी से पंडरी, लोधीपारी, मोवा तथा शंकरनगर मार्ग को डायवर्ट किया गया था। पंडरी जाने वाला मार्ग सुबह 11 बजे से आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया था। इस वजह से ▶▶|शेष पेज 13 पर



### विधानसभा मार्ग के स्कूल बंद रहे

विधानसभा घेराव को देखते हुए बुधवार को विधानसभा मार्ग के कई स्कूलों की छुट्टी कर दी गई थी। स्कूल बंद होने से विधानसभा मार्ग स्थित डीपीएस समेत कई प्रमुख स्कूलों के 18 हजार से ज्यादा बच्चे स्कूल ही नहीं पहुंच पाए। बारिश होने की वजह से सड़कों पर अन्य दिनों की अपेक्षा ट्रैफिक भी कम था।





### बारिश, प्रदर्शन की वजह से ट्रैफिक की चाल पर ब्रेक

सुबह से रुक-रुककर हो रही बारिश तथा विधानसभा घेराव के चलते पंडरी कपड़ा मार्केट तिराहा से मंडी गेट, अवंति बाई चौक से मंडी गेट, मंडी गेट चौक से मेनरोड पंडरी की ओर जाने का रास्ता तथा ज्ञानगंगा तिराहा, बरौदा और विधानसभा ब्रिज के नीचे से डायवर्ट कर विधानसभा चौक की ओर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया था। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### ऐसे रहा प्रदर्शन

- प्रदर्शनकारी मंडी गेट के साथ पंडरी बस स्टैंड पर दोपहर 1 बजे के बाद से एकत्रित हुए
- प्रदर्शनकारी खालसा स्कूल के रास्ते धरनास्थल पहुंचे
- प्रदर्शन के दौरान महिलाएं वाटर कैनन की बौछार से बचने जमीन पर लेट गईं, बारिश से बचने वे अपने साथ छाता लेकर आई थीं
- सबसे पहले विनोद तिवारी सहित अन्य युवक कांग्रेस नेताओं की टीम बैरिकेड्स की ओर साढ़े तीन बजे के करीब आगे बढ़ी
- बैरिकेड्स तोड़ने महापौर एजाज ढेबर, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, विनोद तिवारी तथा अन्य युवा कांग्रेस नेता अपनी टीम के साथ आगे बढ़े। पुलिस इन नेताओं को शांति बनाए रखने के साथ बैरिकेड्स की ओर आगे नहीं बढ़ने की चेतावनी देती रही।
- बैरिकेड्स तोड़ने प्रदर्शनकारी आगे बढ़े, वैसे ही मौके पर पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी शुरू हो गई। इस दौरान एक महिला कार्यकर्ता की कान की बाली खिंच गई और उसके कान से खून बहने लगा।
- बैरिकेड पर चढ़ने के दौरान एजाज ढेबर चोटिल हो गए। वाटर कैनन छोड़े जाने की वजह से एजाज कुछ समय के लिए बैरिकेड के ऊपर ही बैठे रहे। बाद में ▶▶|शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### नजर हटते ही ई-रिक्शा पार

रायपुर। टिकरापारा थाने में एक ऑटो चालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ ई-रिक्शा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संतोषी नगर निवासी शेख साजिद ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। साजिद ने पुलिस को बताया कि वह किराए पर ई-रिक्शा लेकर चलाता है। गोकुलनगर में एक दुकान में वह छुट्टा कराने गया था। छुट्टा कराकर वापस आने पर उसने देखा कि कोई अज्ञात चोर उसका रिक्शा चोरी कर ले गया है।

### ढाबे में पैसों के लेन-देन के विवाद पर मारपीट

रायपुर। राजेंद्र नगर थाने में एक युवक ने एक ढाबा संचालक के खिलाफ पैसों के लेन-देन के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, कोतवाली नेहरूनगर निवासी अब्दुल वसीम ने तेलीबांधा, रिंगरोड स्थित रंजीत ढाबा के संचालक लक्की तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अब्दुल ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ ढाबा में खाना खाने के लिए गया था। बिल के पैसे नहीं होने की वजह से वह ढाबा संचालक को अपना मोबाइल देकर दूसरे दिन पैसे देने आने की बात कही। इससे नाराज होकर ढाबा संचालक ने अब्दुल के साथ मारपीट की।

### इंजीनियर का मोबाइल छीनकर बदमाश फरार

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक निजी उद्योग में कार्यरत इंजीनियर ने स्कूटी सवार तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मोबाइल लूटकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, शारडा एनर्जी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत ललित मिलिंद कुलकर्णी ने झपटमारी की शिकायत दर्ज कराई है। ललित ने पुलिस को बताया कि मंगलवार वह शाम 7 बजे शंकर नगर में पैदल मोबाइल देखते जा रहा था, इसी दौरान स्कूटी सवार तीन अज्ञात बदमाशों में से एक बदमाश ने झपट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया और मौके से फरार हो गए।

## शूटरों का अकाउंट मैनेज करने वाला पंजाब से हुआ गिरफ्तार, ट्रांजिट रिमांड पर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में शूट आउट की घटना को अंजाम देने के आरोप में हरियाणा, सिरसा से गिरफ्तार किए गए गैंगस्टर अमनदीप बाल्मीकि उर्फ अम्मू तथा उसके दो अन्य साथी लक्ष्मण दास बाजीगर, रवि कुमार सेन को पुलिस ने बुधवार को कोर्ट में पेश कर एक दिन की पुलिस रिमांड पर लिया है। तीनों आरोपी ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में अमनदीप के एक अन्य साथी चमन को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पंजाब से गिरफ्तार बदमाश को पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लेकर आ रही है।

- चार राज्यों के कारोबारियों से फिरौती मांगने की बात सामने आ रही

गौरतलब है कि तेलीबांधा के रिंग रोड में झारखंड से आए दो शूटरों ने पीआरए ग्रुप के दफ्तर के बाहर खड़ी कार में 13 जुलाई को शूट आउट की घटना ▶▶|शेष पेज 13 पर

### आठ सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का कंस्ट्रक्शन

अमन साव के गैंग ने छत्तीसगढ़ के दो कारोबारी समूह, जिसमें आरकेटेसी तथा पीआरए ग्रुप से लेवी वसूलने की कोशिश की है। आरकेटेसी कारोबारी समूह का झारखंड में बड़ा कोल कारोबार है, जबकी पीआरए ग्रुप झारखंड में भारत माला परियोजना के तहत 810 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण कर रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अमन साव के गैंग ने पीआरए ग्रुप से फिरौती की मांग की है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अमन साव का ग्रुप छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड, पंजाब, हरियाणा तथा राजस्थान के कारोबारी जिनका काम झारखंड में चल रहा है, उन लोगों को टार्गेट कर लेवी वसूली करने का काम कर रहा है।

### दो चैनल के रास्ते पहुंचा अकाउंट में पैसा

पुलिस के अनुसार पूर्व में झारखंड से गिरफ्तार बदमाश शाहिद ने चमन के अकाउंट में एक लाख रुपए ट्रांसफर किया था। इसके बाद चमन ने वह राशि शूटर के रायपुर पहुंचने के बाद एक शूटर के अकाउंट में ट्रांसफर की थी। पुलिस को इस बात की जानकारी शाहिद के बैंक अकाउंट की जांच करने के बाद मिली। इसके बाद पुलिस ने बैंक से जानकारी जुटाने ▶▶|शेष पेज 13 पर

### जेएन मेडिकल कालेज में हुआ चुनाव

## डॉ. धर्मेन्द्र बने जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज के जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के डॉ. धर्मेन्द्र अध्यक्ष चुने गए हैं। इसके लिए मेडिकल कालेज के 106 जूनियर डाक्टरों ने मतदान किया। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज का जूडा एसोसिएशन राज्य के चिकित्सा शिक्षा से छात्रों के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

जानकारी के अनुसार जूडा एसोसिएशन का चुनाव इस बार सात महीने विलंब से हुआ। एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव पीजी द्वितीय वर्ष के छात्र लड़ सकते हैं और उन्हीं के द्वारा इसके लिए मतदान किया जाता है। अध्यक्ष पद के लिए आर्थोपेडिक विभाग के डॉ. धर्मेन्द्र सिंह तथा बायोकेमेस्ट्री विभाग के डॉ. देवेश द्विवेदी मैदान पर थे। सोमवार को शाम चार से रात आठ बजे तक आंबेडकर अस्पताल में मतदान प्रक्रिया पूरी की गई। इसके लिए 106 रेजिडेंट डाक्टरों ने मतदान किया। अन्य प्रक्रिया पूरी करने के बाद मतगणना हुई, जिसमें डॉ. धर्मेन्द्र को 62 तथा डॉ. देवेश को 44 वोट पड़े। इस तरह डॉ. धर्मेन्द्र 18 वोट से विजयी हुए। इसके बाद आम सहमति से महासचिव के रूप में डॉ. नवीन कोठारे का चयन किया गया और अन्य कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जूडा के नए अध्यक्ष और उनकी टीम ने ▶▶|शेष पेज 13 पर

### छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

## छग में भी फर्जी दिव्यांग, संघ ने 181 की सूची बनाई, कार्रवाई नहीं तो सीएम हाउस कूच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला मेडिकल बोर्ड के डाक्टर्स से मिली-भगत करके लोग फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट बनवाने के बाद प्रदेश में 50 से ज्यादा आरक्षित पदों पर नौकरी कर रहे हैं। इसमें डिप्टी कलेक्टर, लेखा अधिकारी, नायब तहसीलदार, सहाकारिता निरीक्षक, पशु चिकित्सक, कृषि विभाग सहित 181 पदों पर वर्षों से काबिज हैं। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ऐसे अधिकारियों की जांच करवाने की मांग विगत दो साल से कर रहा है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से अब राजधानी में उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर है।

राजधानी में विभिन्न जिले से आए दिव्यांगों के साथ यह आरोप सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहितराम चन्द्राकर ने बुधवार को पत्रकारवार्ता में लगाते हुए कहा कि पूजा खेडकर की तरह प्रदेश में 181 अधिकारी नौकरी कर रहे हैं। फर्जी दिव्गांगता प्रमाणपत्र के सहारे नौकरी पाने वाले की जांच भी नहीं हो रही है। ऐसे लोगों के खिलाफ लिखित शिकायत के बाद भी दो साल से कार्रवाई को अटकाने का प्रयास करते हुए दोषियों को बचाने व शिक्षित दिव्यांगों का हक मारने वाले लोगों को पनाह दी जा रही है। ऐसे तंत्र के खिलाफ संघ ने अब विरोध का मन बना लिया है।



### संघ करेगा आंदोलन

दिव्यांग संघ ने 10 सूत्रीय मांगों से शासन-प्रशासन को अवगत कराते हुए 15 दिनों का समय दिया गया है। अगर इस बीच कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो 21 अगस्त को प्रदेशभर के दिव्यांग युवा एकजुट होकर तेलीबांधा मरीन ड्राइव से सीएम निवास तक पैदल मार्च करके ज्ञापन देंगे। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान किसी प्रकार की विषम परिस्थिति के लिए शासन-प्रशासन के लोग ही जिम्मेदार होंगे।

## अमलीडीह पानी टंकी से आज शाम नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 10 के जल विभाग की टीम अमलीडीह पानी टंकी में वाल्व बदलेगी। इस दौरान 25 जुलाई की शाम और 26 तारीख को सुबह के समय जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।



अमलीडीह पानी टंकी में वाल्व बदलने का कार्य गुरुवार को सुबह की नियमित जल आपूर्ति के बाद किया जायेगा। वाल्व बदलने के कार्य के दौरान शुक्रवार की शाम और शनिवार की सुबह संबंधित पानी टंकी से जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जोन कमिश्नर राकेश शर्मा ने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यकता होने पर पानी टैंकर भेजकर जल आपूर्ति की व्यवस्था की जायेगी।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### कर्मचारी हित में लागू करें कैशलेस चिकित्सा योजना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के कर्मचारी-अधिकारियों एवं उनके परिवार के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना लागू करने संबंधी प्रस्तावित योजना के संबंध में पुनः मुख्यमंत्री को स्मरण पत्र दिया है। गौरतलब है कि फेडरेशन विगत 5 वर्षों से राज्य शासन से पत्राचार कर रहा है। प्रस्तावित कैशलेस योजना के बारे में फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा और सचिव राजेश चटर्जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्य के भीतर एवं बाहर मान्यता अधिकृत चिकित्सालय में इलाज होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रत्येक शासकीय सेवक की कार्मिक संपदा के अनुसार संजीवनी कार्ड जारी करेगी, जिसमें कर्मचारी-अधिकारी एवं परिवार का पूर्ण विवरण रहेगा। शासकीय कर्मचारी-अधिकारी को विपत्ति के समय आर्थिक संकट से उबारने के दृष्टिगत इस योजना को कर्मचारी हित में लागू किया जाना चाहिए।

### देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 26 जुलाई को ध्वजारोहण और राष्ट्रगान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जय श्रीराम प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम शाम 4 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी पूर्व सैनिक और संस्था के अध्यक्ष पन्नालाल सिन्हा ने देते हुए बताया कि इसी कार्यक्रम के दौरान कौशल्या माता विहार सेक्टर 13 के प्रशिक्षार्थियों एवं अन्य बच्चों द्वारा देशभक्तिपूर्ण रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### महादेवघाट में कांवरियों के लिए निशुल्क सेवा जारी

**रायपुर।** शिव-शक्ति सेवा मंडल अश्वनी नगर द्वारा विगत कई सालों से कांवरिया भक्तों को पूरे सावन माह सेवा के रूप में जल, फल और दवाई की निशुल्क व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है, जिससे महादेवघाट जलाभिषेक करने वाले कांवरियों में उत्साह बना रहे। मंडल के सदस्य ललित अग्रवाल ने बताया कि रविवार और सोमवार को कांवरियों की संख्या सैकड़ों में होती है। समिति के कई सदस्य हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा में लगे होते हैं।

## निधन

### महेंद्र रूपरेला



**रायपुर।** संत कंवरराम नगर कटोरा तालाब निवासी महेंद्र रूपरेला का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 जुलाई को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे वेदप्रकाश और लक्की रूपरेला के पिता थे।

### गुलाब राय बलवानी



**रायपुर।** आकृति विहार महावीर नगर निवासी गुलाब राय बलवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 जुलाई को राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे हीरालाल, लालचंद, अशोक, प्रकाश बलवानी के पिता थे।

# यात्री किराए के जरिए इंकम बढ़ाने पर फोकस, ट्रेनों में जोड़े जा रहे अतिरिक्त कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ट्रेनों की तरफ ज्यादा यात्रियों को आकर्षित करने और इसके जरिए राजस्व बढ़ाने का लक्ष्य लेकर रेलवे काम कर रहे हैं। कोरोनाकाल में जिन ट्रेनों में कोच की संख्या घटा दी गई थी, उसे वापस जोड़ने का दौर जारी है। गरीब रथ एक्सप्रेस में अब अधिक यात्री अपना सफर पूरा कर सकेंगे, इसके लिए एसी-3 के चार अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं।

रेलवे प्रशासन विभिन्न माध्यम से अपनी आय बढ़ाने की योजनाओं पर फोकस कर रहा है। साथ ही यात्रियों को ट्रेनों में आरामदायक सफर के लिए बर्थ की संख्या बढ़ाने की योजना पर काम कर रहा है। इसके लिए ट्रेनों में अतिरिक्त रूप से कोच लगाए जा रहे हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिले और सुविधा से प्रभावित होकर उनकी संख्या में और इजाफा हो सके। इसी योजना के तहत लंबी दूरी के लिए संचालित होने वाली लगभग सभी ट्रेनों में अतिरिक्त कोच जोड़े जा रहे हैं। लखनऊ-रायपुर के बीच संचालित होने वाली साप्ताहिक गरीब रथ एक्सप्रेस में अब दो से ढाई सौ अतिरिक्त यात्री बर्थ की सुविधा के साथ अपना अरामदायक सफर पूरा कर सकेंगे। इसके लिए ट्रेन में चार अतिरिक्त एसी-3 कोच लगाया जाएगा। 29-30 जुलाई से गाड़ी संख्या 12536/12535 वातानुकूलित ट्रेन में अतिरिक्त कोच जोड़े जाएंगे। चार नए कोच के साथ इस ट्रेन में कुल 14 तृतीय श्रेणी के वातानुकूलित डिब्बे और 2 जनरेटर कार सहित कुल 16 कोच होंगे।

### कोरोनाकाल में घटाए गए थे, लंबी दूरी की ट्रेनों में कोच बढ़ाने का दौर जारी



#### 46 ट्रेनों में पहले ही

रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में सामान्य श्रेणी के यात्रियों के लिए 46 ट्रेनों में 92 कोच का विस्तार किया गया था। इसके बाद दूसरे चरण में 22 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में ट्रेनों में वातानुकूलित की तुलना में जनरल बोगी में सफर करने वाले यात्रियों की संख्या अधिक होती है। इसके चलते दो से तीन माह पहले भी टिकट बुक कराने पर कन्फर्म टिकट मिलने का चांस कम रहता है।

## 10 दिन से रोज रात घरों और सड़क की लाइट बंद, शिकायतें बेअसर

# कौशल्या विहार में रहना हुआ दुश्वार पानी और बिजली का सिस्टम धड़ाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

कौशल्या विहार का बहुमंजिला फ्लैट लेकर अलग-अलग सेक्टर में रहने वाले अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। पॉश कालोनी में हाईटेक सुविधा की आस लिए निम्न व मध्य वर्ग के लोगों ने खुद का आशियाना की हसरत के साथ अपनी जमा पूंजा तो लगा दी, पर भरी बरसात में वे पानी और बिजली के लिए मोहताज हैं। पिछले 10 दिन से कौशल्या विहार के अलग-अलग सेक्टर में रोज रात लोगों के घरों और सड़क की लाइट अचानक बंद होने से रहवासियों का जीना मुहाल हो गया है। हालत ये है, कहने को तो इस विश्वस्तरीय टाउनशिप में अंडरग्राउंड बिजली का सिस्टम लगा हुआ है, पर हल्की बारिश में पानी घुसने से शार्ट सर्किट के कारण पूरे इलाके की बिजली बत्ती अकसर गुल हो रही है। बिना बिजली के संपवेल से पानी नहीं चढ़ने से भुक्तभोगी बाहर से पानी खरीद कर गुजारा करने मजबूर हैं।

कौशल्या विहार में पानी और बिजली सिस्टम ध्वस्त होने से 15 सेक्टर में फ्लैट लेकर परिवार के साथ रहने वाले रहवासी बेहद परेशान हैं। रायपुर विकास प्राधिकरण ने इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए 33 केवीके क्षमता का बिजली स्टेशन तो बनाया है, पर अभी तक उसे सीएसईबी को हैंडओवर नहीं किया। प्राधिकरण ने बिजली विभाग के जिस इंजीनियर को जिम्मा दिया है, वह लोगों के फोन तक नहीं उठाते।






### नाला सफाई नहीं, योग केन्द्र के पास कचरा डंप

सेक्टर 4 व सेक्टर 5 के बाजू में लालपुर बस्ती का गंदा पानी और कचरा ओवरफ्लो हो रहा है। इससे रहवासी बेहद परेशान हैं। नाला सफाई नहीं होने से मलेरिया, डेंगू होने का खतरा बना हुआ है। सड़कों का मेंटनेंस नहीं होने से पानी निकासी का रास्ता बंद हो गया है। सेक्टर 4 में योग केन्द्र परम जीवनन के पास क्षेत्र की कचरा उठाने वाली गाड़ियां महीनों से वहां कचरा डंप कर रही हैं। इससे आसपास के निवासी त्रस्त हैं। उन्होंने इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से भी की है, पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस मुद्दे को लेकर रहवासी एनजीटी जाने की तैयारी में हैं।

**केस 1**

#### वाशरूम जाने पानी नहीं बिजली अक्सर बंद

कौशल्या विहार सेक्टर 4 के रहवासी सुभेन्द्र पाटले ने बताया, उनके यहां 2 महीने से अकसर लाइट बंद रहती है। बिजली बंद होने से ऊपर पानी नहीं चढ़ता। इसीलिए वाशरूम जाने पानी नहीं है। लाइट रहेगी, तभी तो पानी आयेगा। सेक्टर 4, 7 और सेक्टर 15 में यही स्थिति बनी है। खाना खाने के लिए फ्लैट में पानी नहीं था, इसलिए सेक्टर 7 में जो नया हास्पिटल खुला है, वहां से 4 बाटल पानी लेकर आया तब खाना खाया हूं। हमने 3 दिन पहले आरडीए दफ्तर जाकर अपनी परेशानी अधिकारियों को बताई थी।

**केस 2**

#### 6वें माले में फ्लैट रातभर लाइट बंद

दफ्तर पास होने के कारण कौशल्या विहार के सेक्टर 4 के छठवें माले में फ्लैट लेकर रहने वाली वर्किंग वूमन ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि ये सोचकर कौशल्या विहार में फ्लैट लिया कि अच्छी कालोनी है, मूलभूत सुविधा मिलेगी, पर यहां तो रातभर लाइट बंद रहती है। ऊपर से पानी की भी दिक्कत है। शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नही है। लगता है फ्लैट लेकर हमने मुसीबत मोल ले ली। ऐसा कब तक चलेगा?

**केस 3**

#### 2 आदमी के भरोसे 15 सेक्टर, बुरा हाल

कौशल्या विहार रेसीडेंस एसोसियेशन के अध्यक्ष आशीष भट्टाचार्य के मुताबिक ठेकेदार के 2 आदमी के भरोसे आरडीए ने कौशिल्या विहार के 15 सेक्टर का मेंटनेंस छोड़ रखा है। इसके कारण कई लोगों की शिकायतें दबी रह जाती हैं। लगातार पानी, बिजली और सफाई को लेकर शिकायतें आ रही हैं। पिछले 3 दिन से 15 मिनट, आधे घंटे के लिए बिजली आती है, फिर घंटों लाइट बंद। इस कालोनी में आईएस अफसर से लेकर जनप्रतिनिधि व कई रसूखदार भी रहते हैं। इसके बाद भी प्राधिकरण ध्यान नहीं दे रहा। पहले असामाजिक तत्वों के जमावड़े से त्रस्त रहे। चोरी-चकारी, लूटपाट, मारपीट की घटनाएं होती रहीं। कई बार चक्कर काटने के बाद बड़ी मुश्किल से पुलिस सहायता केन्द्र खुला है। हमने यहां हाईटेक थाना खोलने की मांग की थी। केनाल रोड में आरडीए ने इसके लिए 8,206 वर्गफीट जमीन सुरक्षित रखी है। अब वहां थाना खुलेगा।

#### शिकायत आई है, संज्ञान में लेंगे

कौशिल्या विहार में बिजली बंद रहने और पानी की समस्या को लेकर लोगों ने शिकायत की हैं। इस पर संज्ञान लेने स्पॉट पर टीम भेजी गई है। जल्द समस्या दूर होगी।
- ***अनिल गुप्ता,*** *अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण*

# डॉग शेल्टर की नींव का काम पूरा, बारिश में अटका कालम का काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोनडोंगरी में निर्माणाधीन डॉग शेल्टर निर्माण का काम बारिश के कारण अटक गया है। 6,500 वर्गफीट जगह पर डॉग शेल्टर बनाने अनुबंधित एजेंसी ने नींव डालने का काम पूरा कर लिया है। कालम डालने से पहले बारिश ज्यादा होने और दलदली जमीन होने के कारण स्पॉट पर गाड़ियां फंसने लगी हैं। ऐसे में मौसम खुलने के बाद कालम बनाने का काम शुरू होगा।

- **सोनडोंगरी में 6,500 वर्गफीट जगह पर प्रदेश का पहला डॉग शेल्टर**

दरअसल, रायपुर नगर निगम एनजीओ के साथ मिलकर शहर के बीमार और आक्रामक कुत्तों के इलाज, सर्जरी और उसकी देखभाल करने डॉग शेल्टर बनवा रहा है। इस शेल्टर के बनने से शहर के आवारा कुत्तों की संख्या पर प्रभावी नियंत्रण में मदद मिलेगी। साथ ही डॉग बाइट से होने वाली जन-धन की हानि को कम किया जा सकेगा। महापौर एजाज ढेबर ने निगम बजट में इसके लिए अलग से प्रावधान किया है। दो चरणों में डॉग शेल्टर बनाने का काम पूरा होगा। सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर बनाने का काम रायपुर की एजेंसी को दिया गया है। प्रोजेक्ट के हिसाब से प्रथम चरण में 48 लाख की लागत से वहां बाउंडीवॉल, शेड का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही यहां पर रखे जाने वाले कुत्तों के इलाज के साथ सर्जरी और अन्य तरह सुविधाएं विकसित की जायेंगी।

#### सितंबर तक समय सीमा

डॉग शेल्टर निर्माण के लिए अनुबंधित एजेंसी को सितंबर तक की समय सीमा दी गई है। डॉग शेल्टर में शहर के बीमार कुत्तों का इलाज और देखभाल की व्यवस्था रहेगी। साथ ही आक्रामक कुत्तों की सर्जरी कराई जायेगी। - ***एजाज ढेबर,*** *महापौर, ननि, रायपुर*

## पेज 11 के शेष ...

### शबाब पर खारुन, ....

विशालता को देखकर कई लोग भी अचंभित हुए। महादेवघाट किनारे बनाई गई रेलिंग से लेकर मेला स्थल वाली जगह पर महिलाओं, बच्चों और युवाओं की आवाजाही के कारण खासी रौनक देखने को मिली। इस दौरान कुछ लोग अपने मोबाइल से सेल्फी लेने में व्यस्त रहे। **एनीकट की जाली डूबी, 13 फीट ओवरफ्लो :** नगर निगम के एनीकट के पास लगाई गई जाली तेज बारिश के बाद पानी में डूब गई है। बुधवार सुबह एनीकट के ऊपर 13 फीट तक बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर बहता रहा। बहाव बढ़ने के बाद अब खारुन नदी में जलकुंभी सफाई का काम रात के समय रोक दिया गया है। केवल सुबह से शाम तक ही एनीकट के पास वाले मुहाने से कचरा निकालने का काम कराया जायेगा। **फिल्टर बेड की अब दिन में 2 बार सफाई :** जल शुद्धिकरण के लिए नगर निगम का जल विभाग इन दिनों फिल्टर प्लांट में लगाये गये 35 फिल्टर बेड और 80 एमएलडी के नये प्लांट के 10 फिल्टर बेड की सफाई दिन में 2 बार करायेगा। बारिश के सीजन में पानी में मटमैलापन सहित अन्य तरह की अशुद्धियां ज्यादा होने से फिल्टर बेड की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### विस कूच कर ....

ट्रैफिक की रफ्तार काफी धीमी हो गई थी, कई जगह जाम की स्थिति बन गई। प्रदर्शन के दौरान पंडरी जाने वाले मार्ग पर लंबा जाम लग गया। **पंडरी घूमने आए विदेशी मेहमान फंसे :** राजधानी की सैर करने थाईलैंड की तीन युवतियां रायपुर आई थीं। उन्हें पंडरी कपड़ा मार्केट की यू-ट्यूब के माध्यम से जानकारी मिली थी। इसके चलते विदेशी युवतियां कपड़ा मार्केट घूमने के लिए पहुंची थीं। प्रदर्शन के कारण विदेशी युवतियां पंडरी जाने वाले मार्ग पर फंस गईं। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसरों ने युवतियों को सुरक्षा के लिहाज से एक बाइक के शोरूम में बैठाया। विदेशी युवतियों से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बात करने तथा फोटो खिंचवाने से इनकार कर दिया। **पंडरी से केनाल रोड तिराहा के पास लंबा जाम :** कांग्रेसी पंडरी बस स्टैंड, एलआईसी, एक्सप्रेस-वे ओवरब्रिज के पास से एकत्रित होकर विधानसभा का घेराव करने निकले। नेताओं का भाषण होने के बाद साढ़े 3 बजे के करीब कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता आगे बढ़ने लगे, जिन्हें पुलिस ने रास्ते में रोकने की कोशिश की और वाटर कैनन छोड़े। प्रदर्शन शाम करीब साढ़े चार बजे समाप्त हुआ। उसके बाद अवंति बाई चौक से लेकर पंडरी बस स्टैंड स्थित केनाल रोड तिराहा तक वाहनों की लंबी कतार लग गई और ट्रैफिक जाम हो गया।

### बारिश, प्रदर्शन की ....

रास्ता बंद होने से ट्रैफिक का दबाव शंकरनगर एक्सप्रेस-वे, ओवरब्रिज के नीचे के रास्ते शंकरनगर, कांग्रेस भवन चौक, लोधीपारा जाने के मार्ग पर पड़ा, जिससे ट्रैफिक की रफ्तार काफी स्लो हो गई थी। सिग्नल ग्रीन होने के बाद भी लोगों को दो से तीन बार इस मार्ग पर रुकना पड़ रहा था।

### ऐसे रहा प्रदर्शन ....

उन्हें अस्पताल ले जाया गया। प्रदर्शनकारियों ने पहला बैरिकेड तोड़ लिया, उसके बाद दूसरे बैरिकेड से रोकने पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा, इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को मामूली चोटें आईं।

### डॉ. धर्मेन्द्र बने ....

मंगलवार को मेडिकल कालेज की डीन डॉ. तृप्ति नागरिया और बुधवार को चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एसबीएस नेताम से मुलाकात की। जेएन मेडिकल कालेज राज्य का सबसे बड़ा शासकीय मेडिकल कालेज है। यहां पीजी और यूजी की सबसे अधिक सीटें हैं। चिकित्सा छात्र हित में होने वाले किसी भी मामले में यहां के जूनियर डाक्टर एसोसिएशन की भूमिका प्रमुख होती है। पिछले कुछ कार्यकाल के दौरान जूनियर डाक्टरों के स्टाइपेंड की मांग को लेकर आंदोलन की शुरुआत रायपुर मेडिकल कालेज से हुई थी।

### शूटरों का अकाउंट...

को अंजाम दिया था। घटना को अंजाम देने वाले बदमाश तथा उनके साथियों की तलाश में पुलिस की आधा दर्जन से ज्यादा टीम झारखंड, पंजाब तथा हरियाणा में छापे की कार्रवाई कर रही है। छापे की कार्रवाई के दौरान मिले महत्वपूर्ण इनपुट के आधार पर पुलिस शूट आउट की घटना में शामिल मास्टर माइंड सहित सात बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है। शूट आउट की घटना को अंजाम देने वाले अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### दो चैनल के ....

के बाद चमन को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

# कॉल सेंटर खोल रहा विभागों की पोल, चक्कर लगाने वाले फरियादियों के अब होने लगे काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में आम लोगों की समस्याओं का विभागीय कार्यालयों में किस तरह से काम किया जा रहा है, इसका आकलन कलेक्टोरेट में आम लोगों की समस्या के निराकरण के लिए खुले कॉल सेंटर से लगाया जा सकता है। कॉल सेंटर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जा रहा है, जो प्रशासन का सराहनीय कदम है, लेकिन कॉल सेंटर ऐसे कई विभागी कार्यालयों की भी पोल खोल रहा है, जहां बिना कारण लोगों के आवेदनों व शिकायतों को लंबित करके रखा गया है। कॉल सेंटर में बुधवार को कुछ इस प्रकार की शिकायतें ही मिली हैं, जिनका निराकरण करने में विलंब किया जा रहा है। कॉल सेंटर में आई इन शिकायतों पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संबंधित विभागों को जानकारी देकर तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। प्रशासन से मिले निर्देश पर विभागों में भी हड़कंप मच रहा है और दूसरे सभी काम छोड़कर कुछ घंटों में ही इन शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है।

जिले के नागरिकों की समस्या व शिकायत का जल्द से जल्द निराकरण हो सके, इस सोच को लेकर कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट में ही जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर खुलवाया है। सूत्रों के अनुसार इस कॉल सेंटर में पिछले दो दिन में 25 से ज्यादा शिकायतें मिल चुकी हैं, जिनमें कई शिकायतों का निराकरण भी किया जा चुका है।

**केस 1**

#### 20 दिन बाद मिला मूल निवास प्रमाणपत्र

गोगांव निवासी पंकज सोनी ने 3 जुलाई को मूल निवास प्रमाणपत्र बनाने के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक उनका मूल निवास प्रमाणपत्र नहीं बन पाया था। पंकज ने बुधवार को कॉल सेंटर में इसकी शिकायत की। इस शिकायत के कुछ घंटे के बाद ही पंकज को मूल निवास प्रमाणपत्र मिल गया।




**केस 2**

#### डेढ़ साल बाद मिला राशन कार्ड

बसंत विहार गुढ़ियारी निवासी लव कुमार दुबे ने बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ साल पहले नगर निगम जोन-01 खमतराई में राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था। कई बार संपर्क करने पर भी तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए उनका कार्ड बनाया नहीं गया। लव दुबे पेशे से इलेक्ट्रीशियन हैं। उसे कॉल सेंटर के बारे में जानकारी मिली, तो उन्होंने बुधवार को सुबह सवा दस बजे कॉल लगाकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के बाद शाम करीब 4 बजे तक सारे दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कर खाद्य विभाग ने राशन कार्ड बनवा कर दे दिया।

कार्यालय रा.नि.मं.-रायपुर-08 शंकरनगर, तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक ...

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेहतरीन बाई मरकाम पिता बहोरन गोंड पति बिसौहा निवासी कोहड़िया, बेरला छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम शंकरनगर प.ह.नं.-63 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 08 (शंकरनगर) स्थित भूमि खसरा नंबर 207/21 (1093/1), एवं 207/22 (1093/2) रकबा क्रमशः 0.090 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 11/10/2023 के परिपालन में दिनांक 31/07/2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 63 के खम्हारडीह स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं.-रायपुर 8 (शंकरनगर)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

जारी दिनांक .........

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेमलता चौधरी पति सुरेश कुमार चौधरी निवासी पंड़रीतराई द्वारा आवेदित भूमि ग्राम सड्डू प.ह.नं. 44 रा.नि.मं. रायपुर-7 मोवा तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 345/1, 345/7 रकबा 0.463 हे.व 0.161 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 08.08.2024 को समय 12:00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा रखा गया है।

उक्त सीमांकन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/ आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथी को पटवारी कार्यालय में मय दस्तावेज नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**राजस्व निरीक्षक,**
**रायपुर-07 (मोवा)**



## खबर संक्षेप

### मेगा शिविर में एकत्रित हुए 152 यूनिट रक्त



**रायपुर।** आंबेडकर अस्पताल में हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित विशाल शिविर में 152 यूनिट रक्तदान किया गया है। शिविरमें डिप्टी सीएम अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भैयालाल राजवाड़े, उमेश पटेल फाउंडेशन के संरक्षक मनोज गोयल, अध्यक्ष अंकित अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद थे। इस ब्लड डोनर को टोकन आफ लव, प्रमाण पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया । राशि स्टील की संचालिका ज्योति अग्रवाल द्वारा डोनर्स को 100 हेलमेट एवं एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा द्वारा 50 हेलमेट प्रदान किया गए। इस दौरान अरुण साव ने कहा कि अरुण साव ने कहा, इस तरह के कार्यों से व्यक्ति को आत्मिक संतुष्टि और आंतरिक ऊर्जा मिलती है। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से सैंकड़ों लोग की जान बचाने हमको मदद मिलेगी।

### मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाया, लगा जुर्माना

**रायपुर।** जोरा मुख्य मार्ग पर कचरा फैलाने संबंधित शिकायत मिलने पर जोन-9 अमले ने स्थल निरीक्षण किया। शिकायत सही पाए जाने पर कबाड़ी दुकान संचालक पर 20 हजार रुपए बतौर सड़क बाधा शुल्क जुर्माना लगाया। सहायक अभियंता अंशुल शर्मा, उप अभियंता अतुल बंसल उपस्थिति में जनशिकायत का जोनस्तर पर निदान किया।

### मवेशियों की धरपकड़ सभी जोन में अभियान

**रायपुर।** नगर निगम के 10 जोन में सड़क मार्ग पर काऊकैचर दस्ता और विशेष टीम ने मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाया। जोन 1 की टीम ने 12, जोन 2 क्षेत्र में 4 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 3 की टीम ने सड़क मार्ग से 3 मवेशियों की धरपकड़ कर टेकारी गोठान में छोड़ा। इसी तरह जोन 4 और 5 की टीम ने 5-5 मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 6 अमले ने प्रमुख मार्गों से 15 मवेशियों को पकड़कर उन्हें गोकुल नगर गोठान में छोड़ा। जोन 7 ने 6, जोन 8 ने 13, जोन 9 ने 6 मवेशियों की धरपकड़ की।

# सालों पहले वाहन खरीदने-बिजनेस के लिए लिया लोन, अब घर-घर रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत लोन लेने वालों में सैकड़ों हितग्राहियों ने लोन लेने के बाद लोन की किस्त पटाना बंद कर दिए हैं। इसके कारण विभाग की योजनाओं का क्रियान्वयन भी रुक सा गया है। लोन की किस्त जमा नहीं होने के कारण विभाग से अब जरूरतमंद हितग्राहियों को भी लोन मिल नहीं पा रहा है। इधर प्रशासन ने पुराने हितग्राहियों से बचा लोन की रिकवरी के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके तहत अधिकारी अब 8 से 21 साल पहले लोन लेकर किस्त पटाना बंद कर चुके हितग्राहियों के घर-घर दस्तक दे रहे हैं और नोटिस थमाते हुए उनसे लोन की रिकवरी कर रहे हैं।

अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत रायपुर जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं सफाई कामगारों की योजना के तहत लघु बिजनेस करने के लिए 4 से 8 प्रतिशत ब्याज दर पर लोन दिया जाता है। लोन के साथ हितग्राहियों को 10 हजार रुपए अनुदान राशि देने का भी प्रावधान है। साथ लोन आसान किस्तों में ढाई साल से लेकर पांच साल तक भुगतान करना होता है, जिससे हितग्राही पर मासिक किस्त की राशि का भार न पड़े। इन योजनाओं के तहत कोई लघु बिजनेस करने के लिए, कोई खेती-किसानी करने के लिए ट्रेक्टर ट्राली खरीदने तो कोई कोई ट्रांसपोर्टिंग या सवारी वाहन खरीदने के लिए लोन लिए हैं।

### 181 के खिलाफ नोटिस जारी 57 से वसूली

विभाग ने लोन की किस्त पटाना बंद करने वाले 181 हितग्राहियों की सूची तैयार की थी। इनके खिलाफ नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इस नोटिस के बावजूद हितग्राही लोन की किस्त जमा नहीं कर रहे थे। विभागीय अधिकारी अब इस मामले में हितग्राहियों के घर-घर दस्तक देकर संपत्ति कुर्की करने का नोटिस दे रहे हैं। इसके भय से अब कई हितग्राही एक मुश्त में तो कई हितग्राहियों ने किस्त पटाना शुरू कर दिया है।

**केस 1**

ग्राम पचरी निवासी उमेश टंडन ने ट्रेक्टर ट्राली खरीदने के लिए वर्ष 2007 में 6 लाख का लोन लिया था। करीब 50 हजार पटाने के बाद उमेश ने किस्त देना बंद कर दिया था। विभाग ने जब आरआरसी जारी करने के लिए अंतिम नोटिस दिया तो कार्रवाई के भय से उसने एक मुश्त में 38 हजार ब्याज सहित शेष राशि 4 लाख 67 हजार रुपए को चेक के माध्यम से जमा कराया।

**केस 2**

कुकुरबेड़ा आमानाका निवासी प्रहलाद भारती ने वर्ष 2003 में ट्रेक्टरट्राली खरीदने के लिए 4 लाख रुपए लोन लिया था। करीब सालभर किस्त पटाने के बाद उसने भी जमा करना बंद कर दिया था। नोटिस मिलने के बाद प्रहलाद ने शेष 3 लाख 79 हजार रुपए का भुगतान किया है।

■ अंत्यावसायी योजना के तहत लोन लेने के बाद हितग्राहियों ने किस्त जमा करना छोड़ा, विभाग कर रहा रिकवरी



### 320 हितग्राहियों पर डेढ़ करोड़ से अधिक का लोन बकाया

अब तक जिले में 320 हितग्राहियों पर एक करोड़ 64 लाख 36 हजार 822 रुपए का लोन बकाया है। इनमें कई हितग्राही लोन की किस्त देना बंद कर दिए हैं, जिन्हें अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

### डेढ़ साल में 57 को एनओसी

विभाग ने पिछले डेढ़ साल में 57 हितग्राहियों से बकाया लोन की राशि रिकवरी की है। इन सभी हितग्राहियों को एनओसी भी जारी कर दिया गया है।

**केस 3**

ग्राम भिलाई आरंग निवासी सुनीता भारती ने वर्ष 2017 में फैंसी स्टोर खोलने के लिए 2 लाख रुपए का लोन लिया था। 60 हजार रुपए का भुगतान करने के बाद उसने भी किस्त जमा करना बंद कर दिया था। विभाग की नोटिस के बाद सुनीता ने भी शेष राशि 1 लाख 40 हजार रुपए जमा करा दिया है।

**केस 4**

आमापारा रायपुर निवासी नीतिन महानंद ने सफाई कामगार योजना के तहत ई-रिक्शा खरीदी के लिए वर्ष 2018 में लोन लिया था। रिक्शा खरीदी के बाद उसने 50 हजार रुपए का भुगतान नहीं किया। नोटिस के बाद उसने भी शेष राशि का भुगतान कर दिया है।

### आरआरसी नोटिस देकर रिकवरी कर रहे

जिन हितग्राहियों ने किस्त पटाना बंद कर दिया है, उनके खिलाफ आरआरसी नोटिस जारी किया गया है। इस नोटिस के बाद कई हितग्राही किस्तों में और कई एक मुश्त में राशि लौटा रहे हैं।

- **सुरेश कुमार वर्मा,** कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी विभाग रायपुर

## एक दशक में देश में बन चुके हैं नौ नए टाइगर रिजर्व

# नोटिफिकेशन जारी होने के एक दशक बाद भी गुरु घासीदास नहीं बन सका टाइगर रिजर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

गुरु घासीदास नेशनल पार्क को एनटीसीए ने वर्ष 2014 में टाइगर रिजर्व घोषित करने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करने के बाद वर्ष 2022 में अंतिम स्वीकृति दे दी है। बावजूद इसके तत्कालीन राज्य सरकार ने खनिज विभाग की रिपोर्ट के आधार पर गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व घोषित नहीं किया। इस मामले को लेकर वर्ष 2019 में एक जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से टाइगर रिजर्व बनाने को लेकर चार सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। सूत्रों के मुताबिक हाईकोर्ट के जवाब मांगे जाने के बाद वन विभाग तथा शासन स्तर पर गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने विधि के विशेषज्ञों से राय मशविरा ले रहा है। 29 जुलाई को राष्ट्रीय बाघ दिवस है, इस अवसर पर राज्य सरकार टाइगर रिजर्व को लेकर कोई बड़ी घोषणा कर सकती है।

गौरतलब है कि पूर्ववर्ती डॉ. रमन सिंह की सरकार ने गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2012 में एक प्रस्ताव तैयार किया। प्रस्ताव बनाने के बाद वर्ष 2014 में प्रस्ताव एनटीसीए के पास भेजा, प्रस्ताव मिलने के तत्काल बाद एनटीसीए ने टाइगर रिजर्व बनाने सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मामला ठंडे बस्ते में जाता देख मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी वन्यजीव प्रेमी अजय दुबे ने वर्ष 2019 में हाईकोर्ट में टाइगर रिजर्व बनाने को लेकर जनहित याचिका दायर की है।

### कोर्ट से तीसरी बार जवाब देने समय मांगा

गुरु घासादीस को टाइगर रिजर्व घोषित करने हाईकोर्ट मार्च तथा अप्रैल में दो बार शासन से जवाब तलब कर चुकी है। दोनों बार राज्य सरकार ने हाईकोर्ट से जवाब देने समय की मांग की थी, लेकिन तकनीकी कारणों से सरकार कोर्ट में जवाब पेश नहीं कर पाई। इसके बाद तीसरी दफा हाईकोर्ट ने शासन से जवाब मांगा है और कोर्ट ने शासन को जवाब देने चार सप्ताह का समय दिया है।



■ पूर्ववर्ती रमन सरकार ने घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने अनुसंसा की थी

*टाइगर का कॉरिडोर है घासीदास नेशनल पार्क : गौरतलब है कि राज्य बनने के पूर्व गुरु घासीदास नेशनल पार्क मध्यप्रदेश स्थित संजय दुबारी टाइगर रिजर्व का हिस्सा था। राज्य बनने के बाद 1440 वर्ग किलोमीमटर में फैला गुरु घासीदास नेशनल पार्क संजय दुबारी टाइगर रिजर्व से अलग हुआ है। देश में अंतिम चीता के साथ ही वर्ष 1951 में व्हाइट टाइगर का मूवमेंट भी यहीं देखा गया था।*

**दो हजार वर्ग किलोमीटर में बनना है टाइगर रिजर्व**

*गौरतलब है कि गुरु घासीदास नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 1440 वर्ग किलोमीटर तक फैला है। टाइगर रिजर्व में गुरु घासीदास के साथ तमोर पिंगला का क्षेत्र भी शामिल करना प्रस्तावित है। इस लिहाज से टाइगर रिजर्व का कुल क्षेत्रफल 2048 वर्ग किलोमीटर का होगा। जानकारों के मुताबिक गुरु घासीदास के अलग टाइगर रिजर्व बनने के बाद क्षेत्र में हाथी समस्या पर भी अंकुश लगेगा। इसके साथ ही गुरु घासीदास के टाइगर रिजर्व बनने से यह देश का सबसे बड़ा टाइगर कॉरिडोर होगा। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व से संजय दुबारी के साथ बांधवगढ़ तथा झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व जुड़ा हुआ है।*

### एक दशक में नौ नए टाइगर रिजर्व

राज्य में वन्यजीवों खासकर बाघ के संरक्षण संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ कितना गंभीर है, इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्ष 2014 के बाद से देश में नौ नए टाइगर रिजर्व बन चुके हैं, लेकिन गुरु घासीदास को टाइगर रिजर्व बनाने वर्ष 2014 के बाद कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। जो नए 10 टाइगर रिजर्व बने हैं, उसकी सूची इस प्रकार से हैं..

- उत्तरप्रदेश, पीलीभीत टाइगर रिजर्व- 2014
- महाराष्ट्र, बोर टाइगर रिजर्व - 2014
- उत्तराखंड, राजाजी टाइगर रिजर्व - 2015
- असम, ओरंग टाइगर रिजर्व - 2016
- अरुणाचल प्रदेश, कामलांग टाइगर रिजर्व - 2017
- तामिलनाडु, श्रीविल्लीपुथुर मेगामलाई टाइगर रिजर्व - 2021
- राजस्थान, रामगढ़ टाइगर रिजर्व - 2022
- मध्यप्रदेश, वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व - 2023
- राजस्थान, धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व - 2023

# चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने भंसाली से की मुलाकात मनोनयन पत्र सौंपा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शिवराज भंसाली से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनयन संबंधी पत्र सौंपा। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने संयुक्त रूप से बताया, चैंबर कार्यकारिणी समिति की बैठक में चैंबर चुनाव-2024 को चुनाव कराने शिवराज भंसाली को सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। चैंबर चुनाव के लिए उनसे चर्चा के बाद उन्होंने अपनी स्वीकृति दी। बुधवार को उनसे मुलाकात कर मनोनयन पत्र दिया गया।

■ चैंबर चुनाव के लिए शिवराज भंसाली मुख्य चुनाव अधिकारी मनोनीत

इस अवसर पर चैंबर सलाहकार मगेलाल मालू, संजय रावत, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुरेश भंसाली, मंत्री जितेंद्र गोलछा जैन, जयराम कुकरेजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### 26 को स्कूलों में मनाया जाएगा कारगिल दिवस

**रायपुर।** स्कूलों में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा इस संदर्भ में लोक शिक्षण संचालनालय को खत लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख अध्ययन केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है।

# बिना फार्मासिस्ट के संचालित होने वाली दवा दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस भी सस्पेंड

बिना फार्मासिस्ट के संचालित हो रही शंकर नगर की एक दवा दुकान को सील कर उसका ड्रग लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। शिकायत मिली थी कि दवा दुकान का लाइसेंस जिस फार्मासिस्ट के नाम पर लिया गया था, वह दवा कंपनी का एमआर है। एसोसिएशन बिना फार्मासिस्ट के संचालित होने वाली दवा दुकानों के खिलाफ अभियान चला रहा है। उनका आरोप है कि कोरोनाकाल से दवा दुकान खोलने की होड़ मच गई है और लोगों में फार्मासिस्ट की डिग्री किराए पर लेकर उनके नाम से लाइसेंस लेकर दवा दुकान खोल रहे हैं। दवाओं की समुचित जानकारी नहीं होने के बाद भी इसकी बिक्री करने से आम लोगों की जान को खतरा हो सकता है। इसी तरह की एक शिकायत पर शंकर नगर की एक दवा दुकान को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सील कर दिया है। आईपीए के सचिव राहुल वर्मा ने बताया कि दवा दुकान का संचालन बिना फार्मासिस्ट के किया जा रहा था। अपनी जांच के दौरान उन्होंने पाया कि दवा रत्निक फार्मा मेडिकल स्टोर का संचालन जिस फार्मासिस्ट के लाइसेंस के आधार पर किया जा रहा है, एक दवा कंपनी में एमआर का काम करता है। शिकायत के आधार पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अपनी कार्रवाई की। वहीं स्टेट फार्मेसी काउंसिल को फार्मासिस्ट का पंजीयन रद्द करने के लिए रजिस्ट्रर को भी पत्राचार किया गया है। बिना फार्मासिस्ट के दवा विक्रय करने पर फार्मेसी एक्ट 1948 के सेक्शन 42 एवं ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 रूल 1945 के सेक्शन 65 के तहत कार्यवाही की जाती है। इसके तहत दो लाख रुपए जुर्माना या तीन माह कारावास अथवा दोनों ही सजा का प्रावधान है।

# लगातार बारिश से गिरा पारा वातावरण में लौटी ठंडक

■ दोपहर तक होती रही बारिश, थमने के बाद राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पिछले ढाई दिनों से लगातार हो रही बारिश की वजह से दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री नीचे चला गया। इसके प्रभाव से वातावरण में ठंडकता लौट आई है। बुधवार को दोपहर तक शहर में बारिश का दौर चलता रहा।

लगातार हो रही बारिश से लोग उकता गए थे। इसकी वजह से जनजीवन भी प्रभावित होने लगा था। दोपहर बाद पानी बंद होने से लोगों ने राहत की सांस ली। जिले में अब पर्याप्त मात्रा में वर्षा होने से स्थिति सामान्य हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी कुछ दिनों तक बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना है। बारिश की गतिविधि थमने से सामान्य से चार डिग्री नीचे जाकर 26 डिग्री तक पहुंच चुका तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। मंगल-बुध की दरम्यानी रात काफी देर तक बारिश होती रही। सुबह माहौल ठंडा रहा, मगर बादल छाए रहे, जिसके दोपहर होने के बाद फिर से बरसने का दौर शुरू हो गया। तीन बजे के आसपास बारिश थमी और लोगों ने राहत महसूस की। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में रायपुर में 88 मिमी. बारिश हुई है। वहीं अभनपुर में 55.8, आरंग में 77.6, धरसींवा में 77.8, गोबरा-नवापारा में 61.3, खरोरा में 86.6, लाभांडी में 76, माना में 62.6, मंदिर हसौद में 76.7 तथा तिल्दा में 46.3 मिमी. बारिश हुई।

## बिजनेस साइट

# हिमालय ऑप्टिकल ने न्यू कलेक्शन के साथ स्टोर को किया रि-लॉन्च




**रायपुर।** मैग्नेटो मॉल स्थित हिमालय ऑप्टिकल ने बुधवार को अपने न्यू कलेक्शन के साथ स्टोर को रि-लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में चीफ गेस्ट के रूप में प्रख्यात अभिनेता भगवान तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने फीता काटकर स्टोर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर हिमालय ऑप्टिकल के डायरेक्टर देवांश बिनानी ने बताया कि नये स्टोर में रोबोटाइज्ड लेंस फिटिंग और स्वचालित कटिंग जैसी अत्याधुनिक तकनीक है जो प्रत्येक लेंस में अद्वितीय सटीकता और दक्षता को सुनिश्चित करता हैं। साथ ही स्टोर गर्व से 60 से अधिक प्रतिष्ठित इंटरनेशनल ब्रांड्स के हाई एंड फ्रेम और धूप के चश्मे का एक व्यापक संग्रह प्रदर्शित करता है। जिसमें कार्टियर, हब्लोट, मेबैक, लिंडवर्ग, फिलिप प्लिन, चोपार्ड, डिटा और अन्य शामिल हैं।

बैंक ऑफ इंडिया
Bank of India
Relationships beyond banking.

### बैंक ऑफ इंडिया का समझौता दिवस कल

**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया देश-भर के अपने सभी शाखाओं, अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए शुक्रवार को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है जो उधारकर्ता व्यवसाय, चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सकें। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय और भक्त माता कर्मा कॉलेज के बीच एमओयू

**रायपुर।** कलिंगा विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को भक्त माता कर्मा कॉलेज के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक औपचारिक साझेदारी की शुरुआत है।



भक्त माता कर्मा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. निशा दुबे और कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी ने डॉ मुक्ता मल्होत्रा, धनेश्वरी कोसले, डॉ शिंकी के. पांडे, डॉ दीप्ति पटनायक, डॉ शिल्पी भट्टाचार्य और डॉ दीपा बिस्वास की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

### कोल घोटाले की सुनवाई अगले महीने

**रायपुर।** कोल घोटाला मामले की न्यायिक रिमांड की अवधि पूरी होने के बाद बुधवार को ईडी की विशेष अदालत में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई हुई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाते हुए अगस्त माह कर दी है। मामले की अगली सुनवाई अब 24 अगस्त को होगी।

### मोबाइल चोरी करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** गोलबाजार थाने में एक चश्मा रिपेयर करने वाले ने दो लोगों के खिलाफ मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, मृत्युंजय बैनर्जी ने कृष्णा यादव, विनय कुमार ध्रुव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। मृत्युंजय ने पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त के साथ सोया था, दूसरे दिन कृष्णा तथा उसके साथी ने उन पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 25 जुलाई 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

शहर में जुटे 6 जिलों के एनसीसी ...

**कैंपस इवेंट**

## वोट डालने कतार में लगे बच्चे 93% मतदान, विशेष पीएम



रायपुर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर में बाल कैबिनेट के तहत प्रधानमंत्री पद के लिए निर्वाचन कराया गया। जिसमें कक्षा 8 वीं से चार बच्चों ने प्रधानमंत्री पद के लिए नामांकन भरा था। चुनाव में 6वीं से लेकर 8वीं तक के बच्चों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इस मतदान को सफल बनाने के लिए लिए 2 मतदान कक्ष और दो मतदान दल का गठन किया गया था। इस मतदान में 280 मतदाताओं में से 262 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जिसमें कुल मतदान प्रतिशत 93% रहा। मतदान संपन्न होने के पश्चात मतगणना की गई।

### नोटा को 6 मत

जिसमें विशेष कोशले 98, राकेश साहू 79, प्रियंका मंडल 39, द्वारिका 39 मत और नोटा को 6 मत मिले। इस तरह विशेष कोशले सबसे अधिक मत प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद के लिए निर्वाचित हुए। प्रत्यक्ष निर्वाचन कराके बच्चों में मतदान और लोकतंत्र के महत्व को बताना था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिडिल स्कूल प्रधानपाठक देवेंद्र अगलावे, संकुल समन्वयक फ्लोरेंस तिर्की, मिडिल स्कूल शिक्षक, प्राथमिक शाला के शिक्षक एवं बीएड के प्रशिक्षणार्थियों ने सहयोग प्रदान किया।

**कृष्ण मंदिरों में हिंडोला अर्थात झूला उत्सव की शुरुआत, पूरे सावन झूलाएंगे झूला**

# सुपारी वृक्ष से निर्मित झूले को निकाला जाता है केवल सावन में रक्षाबंधन तक अलग-अलग स्वरूप में सजेंगे कान्हा के हिंडोले

**शहर स्थित विभिन्न राधा-कृष्ण मंदिरों में हिंडोला उत्सव का शुभारंभ हो गया है। मान्यता के अनुसार सावन माह में श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की लीलाओं को याद कर यह उत्सव मनाया जाता है, जिसमें श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिरों में वृंदावन की तर्ज पर साज-सज्जा कर, विभिन्न भोज लड्डू गोपाल को अर्पित किया जाता है।**







रायपुर। बूढ़ापारा स्थित गोकुलचन्दा मंदिर, सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर, महादेव घाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, जवाहर नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर एवं सुंदर नगर स्थित इस्कॉन मंदिर में सावन के अलग-अलग दिन मान्यता के अनुसार यह पर्व मनाया जाएगा। मंदिरों के पुजारियों के अनुसार, सालों पहले गोपियों ने भगवान श्री कृष्ण को झूले में झूलाया था। इस दौरान झूले को फूलों व अनेक वस्तुओं से सजाया गया था, जिसके बाद श्री कृष्ण को गोपियों ने बारी-बारी से झूला झूलाते हुए लाड जताया था। मान्यता के अनुसार सावन माह से हिंडोला पर्व की शुरुआत हो जाती है, जिसमें प्रत्येक दिन मंदिर परिसर में झूला सजाया जाता है। रोजाना भिन्न-भिन्न सामाग्री से झूले को सजाया जाता है।

### रंग-बिरंगे 2 किलो फूलों से बनाया झूमर

सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर के ट्रस्टी राज किशोर मखानी व रमेश मखानी ने हिंडोला उत्सव की जानकारी देते हुए कहा, हिंडोला उत्सव ब्रज के तर्ज पर प्रत्यके वर्ष मनाया जाता है, जहां रोजाना मंदिर परिसर में मौजूद झूले को विशेष रुप से सजाया जाता है। बुधवार को झूले को लेस पट्टी, गोटा, स्टोन, मोती से सजाया गया। गुरुवार को फूलों से श्रृंगार किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष सावन में आयोजित झूला उत्सव में झूले में बांधने के लिए फूलों को झूमर रोजाना तैयार किया जाता है। मान्यता के अनुसार यह झूमर 2 किलो फूलों द्वारा तैयार किया जाता है, जिसे वल्लभ सम्प्रदाय के दीक्षा प्राप्त व्यक्तियों द्वारा ही तैयार किया जाता है। रोजाना शाम 7 बजे से 8 बजे तक उत्सव मनाया जाएगा। हिंडोला उत्सव में गाय, गोपियां, हाथी, खिलौने जैसी अनेक मूर्ति मंदिर परिसर में सजाई गई, जिसे केवल हिंडोला पर्व पर ही सजाया जाता है।

### प्रथम दिन फूलों से सजा झूला

बूढ़ापारा स्थित श्री गोकुल चन्द्रमा हवेली ट्रस्ट मंडल से मंदिर की प्रबंधक मीना पांड्या ने जानकारी देते हुए बताया, शहर का गोकुल चन्द्रमा मंदिर निधी स्वरुप है, जहां सावन माह के चौथ से पाठ उत्सव की शुरुआत होती है। बुधवार से हिंडला उत्सव की शुरुआत की गई, जिसमें पहले दिन पाठ उत्सव मनाया गया। इस दौरान हिंडोला (झूला) को अनेक फूलों से सजाया गया। हिंडोला उत्सव के दौरान बारी-बारी से फल, फूल, ड्राई फ्रूट, बंगीचा जैसे अनेक थीम के साथ झूला को सजाया जाता है। 30 दिवसीय हिंडोला उत्सव का समापन 19 अगस्त को किया जाएगा, अंतिम दिन लड्डू गोपाल को अनेक प्रकार के व्यंजन, मिठाई, फल का भोग लगाया जाएगा। गोकुल चन्द्रा मंदिर लगभग 200 वर्ष प्राचीन है, जहां श्री कृष्ण के बाल स्वरुप विराजमान है। इस अवसर पर झूला झूलाने का अधिकार मंदिर के मुख्य पुजारी को ही दिया जाता है। मंदिर में मौजूद झूला सुपारी के वृक्ष से तैयार किया गया है, जिसे साल में केवल सावन के अवसर पर ही निकाला जाता है। रोजाना शाम को 7 बजे से 7:20 तक ही झूले में लड्डू गोपाल के दर्शन भक्तों को कराए जाएंगे। प्रथम दिन उत्सव में मंदिर के ट्रस्टी जयस भाई पारेख, कष्ण कुमार पुरोहित, उर्वशी सोनी, आशा पुरोहित, भागवत साहू उपस्थित रहे।

### 56 भोग की प्रसादी होगी भव्य महाआरती

महादेव घाट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के मुख्य पुजारी दिनेश गिरी महाराज ने बताया, हिंडोला उत्सव में श्री कृष्ण के बाल स्वरुप की पूजा-अर्चना की जाती है। यहां के मंदिर परिसर में सोमवार 29 जुलाई को हिंडोला उत्सव की शुरुआत होगी, जो 19 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान मंदिर परिसर में 56 भोग की प्रसादी और भव्य महाआरती की जाएगी। सावन के अवसर पर हरे रंग के थीम के साथ मंदिर प्रांगण को सजाया जाएगा।

### राधा-कृष्ण मंदिर में 7 अगस्त को महोत्सव

जवाहर नगर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के मुख्य पुजारी पं. राजू महाराज ने बताया, मंदिर प्रांगण में 7 अगस्त को हिंडोला उत्सव मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न मंदिरों में अलग-अलग दिन ने हिंडोला उत्सव की शुरुआत की जा रह है, जहां श्रीकृष्ण के बाल स्वरुप लड्डू गोपाल की पूजा अर्चना की जाती है। इस दौरान उनकी सेवा छोटे बच्चे की तरह की जाती है। लड्डू गोपाल की लाड लगाने के लिए अनेक व्यंजन, सजावट, श्रृंगार किया जाता है। इसमें फल, माखन, मिठाई, फूल, सब्जी जैसे अनेक थीम पर झूले का श्रृंगार किया जाएगा।

**लाइव इवेंट**

## 6जी नेटवर्क को समझना जरुरी आविष्कारों में मिलेगी सहायता



रायपुर। एनआईटी में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 6जी नेटवर्क कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला का समापन 30 जुलाई को होगा। इस साप्ताहिक कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को वायरलेस कम्युनिकेशन में उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग तकनीकों के सिग्नल प्रोसेसिंग के बारे में विस्तार से बताना है, जिससे वे 6जी नेटवर्क के बारे में विस्तार से जान सकें। वर्कशॉप के मुख्य संरक्षक संस्थान के निदेशक डॉ.एनवी रमना राव रहे। डीन एकेडमिक्स प्रो. श्रीश वर्मा, डीन रीसर्च एंड कंसल्टेंसी डॉ. प्रभात दीवान और सीईसी के अध्यक्ष प्रो.शुभोजीत घोष भी शामिल रहे।

### विदेशी विवि के शिक्षाविद देंगे व्याख्यान

एक्सपर्ट्स ने कहा कि इसके माध्यम से 6जी नेटवर्क के लिए मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्यशाला के दौरान आईआईटी, एनआईटी और विदेशी विश्वविद्यालयों के प्रमुख संस्थानों के शिक्षाविदों, साथ ही सी-डॉट और नोकिया बेल लैब्स जैसे टेलीकॉम इंडस्ट्री के विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। प्रतिभागी हाल के एआई-अप्लाइड सिग्नल प्रोसेसिंग ट्रेंड्स और उनके संभावित उपयोगी मामलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रेरक वार्ताओं, चर्चाओं और व्यावहारिक सत्रों में भाग लेंगे। छात्रों सहित प्राध्यापक भी इसका हिस्सा बनेंगे।

**आंबेडकर अस्पताल में चिकित्सकों के लिए वर्कशॉप**

# नवजात बच्चों के इलाज में बुनियादी एवं उन्नत दोनों ही उपकरणों का हो चिकित्सकीय ज्ञान

रायपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर चिकित्सालय के एनेस्थीसिया विभाग में नियोनेटल एयरवे वर्कशॉप रखी गई। इसमें डॉक्टरों ने नवजात शिशुओं में श्वासनली का प्रबंधन और एनेस्थीसिया देने की प्रक्रिया के बारे में जाना। पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एनेस्थीसिया एवं पेन मेडिसिन विभाग तथा नियोनेटल एनेस्थीसिया सोसाइटी के तत्वावधान में "नियोनेटल एयरवे मैनेजमेंट" पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को नवजात शिशुओं में विभिन्न विधाओं द्वारा श्वासनली के प्रबंधन का प्रशिक्षण देना था, ताकि वे आपातकालीन परिस्थितियों में नवजात शिशु में श्वासनली का समय पर सुरक्षित प्रबंधन कर कृत्रिम श्वास दे सकें तथा शल्यक्रिया होने पर नवजात को बेहोश कर सकें।



### ऑक्सीजन देने की प्रक्रिया अहम

इस कार्यशाला में प्रतिभागी चिकित्सकों ने नवजात शिशु के मॉडल्स की श्वास नली में विभिन्न बुनियादी एवं उन्नत उपकरणों की सहायता से एंडोट्रेकियल ट्यूब डालकर, उसे ऑक्सीजन एवं निश्चेतना देने का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा जैन शाह ने बताया कि नवजात शिशुओं में श्वास नली का प्रबंधन करना तथा निश्चेतना देना बहुत ही संवेदनशील एवं चुनौतीपूर्ण कार्य है। इसके लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। उन्होंने नवजात के वायुमार्ग को कठिन बनाने वाले विभिन्न कारणों तथा उनके निवारण पर विस्तार से चर्चा की।

### नवजात की सुरक्षित देखभाल के लिए जरूरी



चिकित्सा महाविद्यालय की डॉ. रश्मि नायक ने बुनियादी उपकरणों के बारे में बताया और एम्स रायपुर के डॉ. मयंक कुमार ने नवजात के वायुमार्ग के प्रबंधन हेतु उन्नत उपकरणों का वर्णन किया। बालाजी मेडिकल कॉलेज की डॉ. अनीषा नगरिया ने मूल्यांकन तकनीकों को समझाया, जबकि डॉ. प्रतीक्षा अग्रवाल ने वायुमार्ग सुरक्षित करने के दौरान होने वाली विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। यह प्रशिक्षण डॉ. प्रतिभा जैन शाह, डॉ. मयंक कुमार, डॉ. रश्मि नायक, डॉ. प्रतीक्षा अग्रवाल और डॉ. अनीषा नगरिया जैसे अनुभवी शिक्षकों द्वारा दिया गया था। विशेषाज्ञों ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय की यह पहल आपातकालीन परिस्थितियों में तथा जटिल ऑपरेशन के दौरान नवजात की सुरक्षित देखभाल में प्रभावी होगी।

## जीएसटी निरीक्षकों को सेवा भाव सिखाने रक्तदान शिविर

रायपुर। नासिन के क्षेत्रीय कार्यालय और ओम साईं रक्तदाता सेवार्थ समिति द्वारा अपना ब्लड बैंक के सहयोग से ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ अपर निदेशक शैलेन्द्र देशमुख ने किया। उन्होंने बताया कि नागपुर आयुक्तालय में नव नियुक्त सेंट्रल जीएसटी निरीक्षकों के 14 सप्ताह के इंडक्शन ट्रेनिंग के दौरान रक्तदान महादान के भाव को सिखाने के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक अजय भटकर, अतिरिक्त सहायक निदेशक सनत पंडा एवं सुमित तिवारी सहित तमाम प्रशिक्षु निरीक्षकों ने रक्तदान किया। इसके अलावा रायपुर आयुक्तालय एवं ऑडिट आयुक्तालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया।




**सिटी इवेंट**

## खराब सामग्री से बनाए पॉट रोपे कटहल व चंपा के पौधे



रायपुर। "एक पेड़ मां के नाम" वृक्षारोपण अभियान के तहत जय हरीतिमा महिला समिति, कृषक नगर द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। समिति की अध्यक्ष ममता चंदेल ने कटहल और चम्पा का पौधा लगाकर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समिति की अन्य सदस्यों ने भी कटहल और चंपा के पौधे रोपित किए। महिला सदस्यों ने इस अवसर पर रोपित पौधों की देखभाल एवं सुरक्षा का आव्हान करते हुए रक्षा का संकल्प किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न करने में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. हेमन्त पाणिग्रही तथा डॉ. जी.एल. शर्मा का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### सविता के पॉट को पहला स्थान

इस अवसर पर वेस्ट मटेरियल से पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। समिति की सदस्य महिलाओं ने प्रतियोगिता में वेस्ट मटेरियल से बनाए गए सुंदर-सजीले पॉट्स का प्रदर्शन किया। पॉट डेकोरेशन प्रतियोगिता की विनर डॉ. सविता तिवारी रहीं। जागृति राणा और निशा वर्मा को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जबकि प्रकृति श्रीवास्तव और सपना वर्मा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर समिति की उपाध्यक्ष तृप्ति शर्मा, सचिव ज्योति वर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ.ज्योति भट्ट, सहसचिव कनक खोखर सहित सभी कार्यकारिणी सदस्याएं मौजूद थीं।

**संस्कृति विभाग के 'आकार ' शिविर में पहुंच रहे 250 से अधिक युवा**

**कार्नर न्यूज**

# ग्लास पेंटिंग व मोम के सहारे ढोकरा शिल्प से घर-ऑफिस सजाना सीख रही हैं युवतियां, मोम का इस्तेमाल कर ढांचे में ढलाई





रायपुर। संस्कृति विभाग हर साल की तरह इस बार भी युवाओं को आकार में प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से अलग-अलग विधा सिखने का अवसर दे रहा है। इसके लिए परिसर में बरसात को देखते हुए विशेष व्यवस्था बनाई गई है। जहां रायपुर ही नहीं बल्कि राजिम, भिलाई व बलौदाबाजार से भी लोग पहुंच रहे हैं। बस्तर आर्ट में ढोकरा कला व ग्लास पेंटिंग का प्रशिक्षण दे रही अनुपन सिंह के पास 22 युवतियां शाम 4 से 7 बजे तक प्रशिक्षण ले रही हैं। उन्होंने बताया, ग्लास पेंट करके अपने घर और ऑफिस को खास बनाने का तरीका आसान है। ग्लास पेन से डिजाइन करने के बाद पेंट करते समय पेंट मिक्स न होने पाए, इसकी बारिकियां सीखने में युवतियां ज्यादा रुचि ले रही हैं।

### मोम के धागों और रंगों से सजावट

ढोकरा शिल्प की लुप्त होती मोम तकनीक का प्रयोग करके मैन्युअल बेल मेटल (पीतल और कांस्य) की ढलाई करके इसे बनाना सिखाया जा रहा है। सांचे बनाने की प्रक्रिया बस्तर कला में खास है। सभी सजावट मोम के धागों व रंगों से की जाती है। मोम कोमलता और लचीलेपन के कारण इस शिल्प के लिए उपयुक्त माध्यम है। प्रशिक्षक बेल मेटल के तारों को खींचने और व्यवस्थित करने की जटिल प्रक्रिया को हाथ से कैसे किया जा सकता है, यह भी बता रहे हैं।

### बताई जा रही रंगों की तकनीक

*आकार में इस बार युवा सबसे ज्यादा स्केचिंग व कैनवास पेंटिंग सीखने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे 40 लोगों को प्रशिक्षण दे रही डॉली बदलानी कैनवास पर स्केचिंग करके किस तरह से आकर्षक आकृति बनाई जा सकती है, यह बता रही हैं। उन्होंने कहा, कैनवास पर रंग भरते समय कोई भी रंग दूसरे से मिक्स न होने पाए, इसके लिए अलग-अलग ब्रश का इस्तेमाल करने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि अगर एक ही ब्रश से अलग-अलग रंगों को कैनवास पर संजो रहे हैं, तो ब्रश को प्रापर तरीके से साफ करने के बाद ही दूसरे रंग का इस्तेमाल करना चाहिए।*

### पैरा आर्ट से घर बैठे मिलेगा रोजगार



जांजगीर-चांपा से आए चूड़ामणी सूर्यवंशी के पास 13 युवाओं का ग्रुप पैरा आर्ट सिखने के लिए पहुंच रहा हैं। इस कला से घर बैठे रोजगार का अवसर मिलता है। अभी पैरे का कटिंग करते हुए इसके नेचुरल रंग सफेद, पीला व भूरे पैरे का इस्तेमाल करके ड्राइंग बोर्ड पर ब्लैक फ्रेम तैयार करना और पैरा को कटिंग करके उसे खास डिजाइन देने के बाद गोंद के सहारे चिपकाते हुए खास लुक देना सिखा रहे हैं। इस कला के जरिए घर व ऑफिस सजाने के लिए आकर्षक सिनरी भी बनाने का हुनर सिखा रहे हैं। इस आर्ट से जुड़कर युवा घर बैठे रोजगार भी पाने की इच्छा से प्रशिक्षण लेने के लिए आकार में पहुंच रहे हैं, इनमें युवतियां ज्यादा हैं।

## इवेंट लाइव

# याद किए गए मुकेश, नवोदित गायकों ने पेश किए अमर गीत




**रायपुर।** धुन फाउंडेशन द्वारा गायक मुकेश की जन्मतिथि पर एक विशेष संगीत कार्यक्रम मयाराम सुरजन हॉल (लोकायन) में आयोजित किया गया। 'याद रहेगा प्यार का ये रंगीन ज़माना' थीम पर इसे आयोजित किया गया। इसमें मुकेश के अमर गीतों की प्रस्तुतियों के साथ धुन टीम के सभी बेहतरीन सिंगर्स ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। सभी श्रोताओं ने कार्यक्रम का देर रात तक खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क था। धुन फाउंडेशन के डायरेक्टर अजय अडवानी ने बताया कि हमेशा की तरह अनुशासन के साथ शहर के कलाकारों को मंच देने यह प्रयत्न किया गया। इस बार सारे परिपक्व गायक एवं गायिकाओं ने बेहतर अंदाज में समां बांधा।

### गीतों में खोए श्रोता

मंच संचालन अपने निराले अंदाज में वरिष्ठ आकाशवाणी उद्घोषक दीपक हटवार एवं ऋतु श्रीवास्तव ने किया। अजय अडवानी, बाबूलाल प्रजापति, राजुल दवे, जगदीश दुबे, आकाश लालवानी,दीपक हटवार, राजेश सिंग, गौतम देवनानी, ऋतु श्रीवास्तव, सारिका बुजाड़े, रीना पनिका द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी गईं। लोकायन हॉल श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। कई गानों ने आंखें नम भी कर दी। श्रोतागण द्वारा कार्यक्रम को खूब सराहा गया।

## सिटी लाइव

# जैवविविधता सीखेंगे युवा ग्रामीणों को देंगे प्रशिक्षण



**रायपुर।** जैवविविधता से समृद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में "पैराटैक्सोनॉमी एवं जैवविविधता संरक्षण" के लिए 22 जुलाई से राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के कैम्पस में 21 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदेश में जैव विविधता के संरक्षण, संवर्धन और उचित प्रबंधन में मदद मिलेगी। यह प्रशिक्षण कार्यकम छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड, राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया कोलकाता के सहयोग से आयोजित किया गया है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी.श्रीनिवास राव तथा छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के अध्यक्ष श्री राकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 66 युवाओं के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है।

### जीव विज्ञान में स्नातक विद्यार्थियों का हुआ है चयन

पैराटैक्सॉनामी तकनीकी प्रशिक्षण किसी पौधे की पहचान, उसके गुणों व उपयोग को जानने के लिए अत्यंत आवश्यक होता है। प्रशिक्षणार्थियों को यह प्रशिक्षण बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में सभी वनमंडलों में गठित जैव विविधता प्रबंधन समिति के अंतर्गत आने वाले जीव विज्ञान में स्नातक छात्र-छात्राओं को चयनित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये प्रशिक्षित छात्र-छात्राएं प्रत्येक ग्राम में जाकर 12 वीं पास विद्यार्थियों तथा व्यक्तियों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु उनके क्षेत्र में पाए जाने वाले जीव जंतु एवं पौध, वनस्पति प्रजातियों की पहचान करना, उनके औषधीय उपयोग को जानना, उनके उत्पादन की मात्रा को जानना है।

## समाज इवेंट

# सभी को जोड़ने परिवार व मित्रों संग चलाएंगे वृक्षारोपण अभियान



**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन द्वारा अविनाश चितवन में मेगा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। आयोजन स्थल में 80 पेड़ लगाए गए। प्रत्येक पेड़ पर प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए 'एक पेड़, मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर लेबल लगाया गया था। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय जिम्मेदारी और स्थिरता को बढ़ावा देना रहा। इसके माध्यम व्यक्तियों को अपने पर्यावरणीय कार्यों का स्वामित्व लेने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश की गई। रोटेरियन आनंद सिंघानिया, आशीष नत्थानी, सिद्धार्थ अग्रवाल, दीपक सिंघल सहित अन्य मौजूद रहे।

### होगा सकारात्मक प्रभाव

रोटरी क्लब के सदस्यों ने कहा कि विभिन्न पहल और परियोजनाओं के माध्यम से समुदाय में सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में कार्य करते हुए यह वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। वृक्षारोपण अभियान ना केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचाएगा, बल्कि दूसरों को भी प्रेरित करेगा। आगे भी निरंतर वृक्षारोपरण करने का संकल्प संस्था सदस्यों द्वारा लिया गया। क्लब के सदस्यों संग उनके परिजन भी इसमें शामिल हुए।

## ● रायपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर और जबलपुर से पहुंचे एनसीसी कैडेट्स

# शहर में जुटे 6 जिलों के एनसीसी कैडेट्स, बाधा प्रशिक्षण मैप रीडिंग से लेकर तंबू लगाने और फायरिंग की स्पर्धा

एनसीसी ग्रुप द्वारा वार्षिक थल सैनिक शिविर का आयोजन शहर में किया जा रहा है। इस दौरान छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से छः एनसीसी ग्रुप शामिल हुए। शिविर में रायपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, जबलपुर समूह के बीच प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस दौरान बाधा प्रशिक्षण, मानचित्र पढ़ना, फील्ड व बैटल क्राफ्ट, स्वास्थ्य व स्वच्छता, तंबू पिचिंग व फायरिंग जैसी विभिन्न विधाओं में स्पर्धा जारी है।



छग से 5 गुना अधिक कैडेट मप्र के

**रायपुर।** थल सैनिक शिविर में 338 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है, जिसमें छत्तीसगढ़ से 57 और मध्यप्रदेश से 281 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। बारिश के बाद भी एनसीसी कैडेट्स का उत्साह कम नहीं हो रहा है। फायरिंग सहित अन्य विधाओं में मौसमी बाधाओं के बाद भी वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रत्येक ग्रुप के कैडेट्स द्वारा अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की जा रही है ताकि वे स्पर्धा जीत सके।



### एक साल में 100 से अधिक कैडेट्स को नौकरी में मिला फायदा



ले.प्रदीप कुमार नायर ने बताया, प्रदेश के सैकड़ों स्कूल व कॉलेजों के विद्यार्थी एनसीसी में शामिल हैं। वहीं बीते एक साल में लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने आर्मी, पुलिस व अन्य सरकारी विभाग में एनसीसी की सहायता से शामिल होने का अवसर मिला। शिविर में मौजूद 6 समूह के प्रतिभागियों के बीच प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होकर राज्य को प्रेजेंट करने का अवसर दिया जाएगा।



### भूतपूर्व कैडेट्स को भी दिया गया मौका

शिविर की अध्यक्षता एनसीसी निदेशालय मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के उपमहानिदेशक ब्रिगेडियर रजनीश गौर द्वारा की जा रही है। शुक्रवार 26 जुलाई को विजेता एनसीसी कैडेट को पुरस्कार एवं मेडल से सम्मानित किया जाएगा। वर्तमान समय में मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ से 1 लाख 5 हजार कैडेट एनसीसी में शामिल हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ के लगभग 21 हजार कैडेट हैं। एनसीसी में शामिल होने के बाद सरकारी प्रतियोगी परीक्षा में एनसीसी प्रतिभागियों को कई क्षेत्रों में फायदा होता है। इसलिए भी स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी एनसीसी में शामिल होते हैं। शिविर में शामिल होने भूतपूर्व कैडेट का भी मौका दिया गया है।

### आर्मी के कारण चुनी एनसीसी



इंदौर ग्रुप से सीपीएल निशी आर्य ने बताया, महाविद्यालय के दौरान एनसीसी में शामिल हुई। जहां लीडरशिप, कम्युनिकेशन स्किल, डिसिप्लिन, यूनिटी स्किल सीखने को मिली। वर्तमान में सी सर्टिफिकेट की तैयारी जारी है, एनसीस का सी सर्टिफिकेट सरकारी नौकरी के लिए फायदेमंद है। भविष्य में आर्मी ऑफिसर बनने की इच्छा है, जहां सी सर्टिफिकेट होने पर बीना रिटर्न परीक्षा के ही डायरेक्ट एंट्री दी जाएगी।



जबलपुर ग्रुप से एलसीपीएल निशा कुशवाह ने बताया, महाविद्यालय के प्रथम वर्ष में एनसीसी में शामिल होने का अवसर मिला। एनसीसी कैडेट के कौशल विकास के लिए फायदेमंद है, जहां व्यक्तिगत रुप से प्रतिभागियों का विकास होता है। एनसीसी में शामिल होने का मुख्य कारण प्रतियोगी परीक्षा है। वर्तमान में मैं यूपीएससी की तैयार कर रही हूं। एनसीसी में कराई जाने वाली तैयारी प्रतियोगी परीक्षा में मददगार साबित होगी।



सागर ग्रुप से अंडर ऑफिसर साध्या सिलेट ने बताया, एनसीसी में शामिल होने का प्रमुख कारण आर्मी है। यहां आर्मी की तरह प्रोटोकॉल, एक्टिविटी, फिटनेस, लीडरशिप, अनुशासन की ट्रेनिंग दी जाती है। जो आर्मी में शामिल होने का लिए फायदेमंद है, एनसीसी का सी सर्टिफिकेट होने से आर्मी में रिटर्न एग्जाम दिलाने की आवश्यकता नहीं होती।



रायपुर ग्रुप से रमनदीप कौर ने बताया, बीते वर्ष 2023 में एनसीसी में शामिल होने का अवसर मिला। वर्तमान में एसएससी सीजीएल में शामिल होने की तैयारी जारी है, जिसके लिए एनसीसी का सी सर्टिफिकेट मुझे मदद करेगा। इसमें एनसीसी सर्टिफिकेट होने पर अतिरिक्त नंबर मिल जाते हैं, जिससे फायदा होता है।



ग्वालियर ग्रुप से एम.लहरिया ने बताया, बीते वर्ष 2023 में एनसीसी में शामिल होने का अवसर मिला। एनसीसी में शामिल होने का मुख्य कारण आर्मी में भर्ती है। इसमें भविष्य के लिए ट्रेन किया जाता है, जिसके कारण आर्मी में दाखिला आसानी से मिल जाता है।

# बिजनेस मैनेजमेंट में 84 फीसदी छात्र उत्तीर्ण एमए हिंदी और योगा में 93% विद्यार्थी सफल

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को सेमेस्टर परीक्षाओं के अंतर्गत 14 कक्षाओं के परिणाम जारी किए गए। इनमें बीबीए, एमए हिंदी, डिप्लोमा इन योगा सहित सैकड़ों छात्र संख्या वाले विषयों के साथ ही प्राचीन भारतीय इतिहास जैसे कम छात्र संख्या वाले विषय भी शामिल रहे।

**रायपुर।** रविवि द्वारा जुलाई के प्रथम सप्ताह तक वार्षिक परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जाते रहे। अब सेमेस्टर परीक्षाओं के नतीजों की घोषणा की जा रही है। वार्षिक परीक्षाओं की तुलना में सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम बेहतर रहे हैं। रविवि ने सभी कक्षाओं के परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां जाकर छात्र अपने नतीजे देख सकते हैं।

जारी किए गए परिणामों के मुताबिक, पीजी डिप्लोमा इन योगा द्वितीय सेमेस्टर में 295 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 275 अर्थात 93.22% छात्र उत्तीर्ण रहे हैं। बीबीए चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा दिलाने वाले 635 छात्रों में से 84.09% 534 छात्र सफल रहे।



एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 769 में से 613 अर्थात 79.71% छात्रों का उत्तीर्ण घोषित किया गया है। इसी तरह एमए हिंदी द्वितीय सेमेस्टर में 720 में से 672 अर्थात 93.33% विद्यार्थी पास रहे।

### पर्यावरण विज्ञान में मात्र 11 छात्र

एमए पर्यावरण विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में मात्र 11 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 90.91 फीसदी अर्थात 10 छात्र उत्तीर्ण रहे। इसके अलावा एमए प्राचीन भारतीय इतिहास की परीक्षा में भी अन्य विषयों की तुलना में कम छात्र शामिल हुए। एमए प्राचीन भारतीय इतिहास द्वितीय सेमेस्टर में 6 तथा चतुर्थ सेमेस्टर में 4 छात्र शामिल हुए। इनके परिणाम क्रमशः 83.33 तथा 100 प्रतिशत रहे। एमए समाजशास्त्र द्वितीय वर्ष के परिणाम 82.7 प्रतिशत रहे। 318 छात्रों ने इसकी परीक्षा दिलाई थी। बीपीएड चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 426 विद्यार्थियों में से 385 अर्थात 90.38 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे।

# सिकलसेल के भी कई वेरिएंट प्रत्येक रोगी में अलग लक्षण

**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज में पॉपुलेशन जेनेटिक्स एंड बियोंड विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 25 जुलाई को किया गया है। चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के नए सभागार में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से पॉपुलेशन जेनेटिक्स विषय पर अपने विचार रखने के लिए विद्वत जन एकत्रित होंगे। आयोजन सचिव डॉ.पीयूष भार्गव ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के परिवेश में जेनेटिक डिजीज जैसे सिकलसेल और एनीमिया बहुतायत में पाया जाता है। इसके कई वेरिएंट पाए जाते हैं।



किसी में यह बीमारी गंभीर होती है तो किसी में कोई भी परेशानी नहीं होती है। इसका कारण लोगों की जेनेटिक मेकअप में परिवर्तन होना होता है। उक्त संगोष्ठी के आयोजन से चिकित्सकों को एवं चिकित्सा विद्यार्थियों को चिकित्सा जगत के नए आयाम से परिचित होने का मौका मिलेगा। इसका लाभ चिकित्सा जगत को मिलेगा एवं जेनेटिक डिजीज से लड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि उक्त संगोष्ठी में मॉलिक्युलर लेवल में कार्य कुशल वैज्ञानिक भी भाग ले रहे हैं। चिकित्सा महाविद्यालय के जैव रसायन विभाग द्वारा यह संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

## प्रबोधनी एकादशी तक मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से विराम

# इस चौमासे में शिव परिवार पर होगा पृथ्वी का भार बैकुंठ एकादशी से विष्णु होंगे सृष्टि के पालनकर्ता

कार्नर न्यूज

हर साल की तरह इस चौमासे में भी देवशयनी एकादशी से देवउठनी पर शिव परिवार पर पृथ्वी का भार है। इसे यूं भी कह सकते हैं कि इन चार महीनों में शिव और उनके दूतों (गण) की आराधना अधिक की जाएगी। शहर के वेदाचार्यों व पंडितों की मानें तो 17 जुलाई को भगवान विष्णु क्षीरसागर में विश्राम के लिए चले गए हैं। इसके साथ ही चौमासा शुरु होने से मांगलिक कार्यों पर विराम लगा हुआ है।

**रायपुर।** भागवताचार्य मनोज शुक्ला बताते हैं कि चौमासे के शुभारंभ से लेकर प्रबोधनी एकादशी तक मांगलिक कार्यों पर पूरी तरह से विराम लगा रहेगा। इस बीच 22 जुलाई से 18 अगस्त तक यानी सावन को शिव आराधना का महीना पौराणिक मान्यता के तहत तय किया गया है। इस बीच 9 अगस्त को नागपंचमी मनाई जाएगी। इसके बाद 2 सितंबर को पोला पर्व के दिन नंदी की पूजा होगी।





### आराधना व उत्सव का होगा माहौल

वेदाचार्य पं. मोहित पांडेय व पं. प्रदीप शुक्ला ने बताया कि इस बार गणेश उत्सव का शुभारंभ 7 सितंबर को होने वाला है। इस बार भी उत्सव का माहौल 17 सितंबर तक रहेगा। इस दौरान शिव परिवार के सदस्य एवं सृष्टि में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की आराधना 11 दिनों तक की जाएगी। इसके बाद 3 अक्टूबर से शारदीय नवरात्र में दुर्गा स्वरुपा मां पार्वती की आराधना में बितेगा। इस बार दुर्गा पूजा का समापन 12 अक्टूबर को होने वाला है। इसके बाद 16 अक्टूबर को शिव की जटा में सुशोभित चंद्रमा की पूजा शरद पूर्णिमा के रुप में 16 अक्टूबर को की जाएगी।

### अर्पित करते हैं तुलसी व बेल पत्र

वहीं पं. शेखर शुक्ला और पं. श्रीकांत पांडेय ने बताया कि 12 नवंबर को प्रबोधनी एकादशी एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन भगवान शिव विश्राम से उठने के बाद तुलसी से विवाह करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इसके दो दिन बाद वे वाराणसी में बैकुंठ चतुर्दशी यानी 12 नवंबर को भगवान शिव से मिलने के लिए जाते हैं। सालभर में यही एक तिथि ऐसी होती है जब भगवान शिव को भगवान विष्णु तुलसी अर्पित करते हुए सृष्टि का कार्यभार लेते हैं। इस क्रम में भगवान शिव भी विष्णु को बेलपत्र अर्पित करते हुए सृष्टि के भार से मुक्त होते हैं, यही पौराणिक मान्यता है।

योगासन

## योग से फायदा हो रहा है या नहीं, पता करें



योगा के फायदे किसी से छिपे नहीं है। योग एक प्राचीन अभ्यास है, जिसे सदियों पहले से ऋषि-मुनि अपनाते आ रहे हैं। वर्तमान में, पूरी दुनिया ने योग के महत्व को समझा और उसे स्वीकारा है। आज सिर्फ देशभर में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में लोग योगाभ्यास के जरिए खुद को स्वस्थ रखने का प्रयास करते हैं। योग सिर्फ वजन कम करने का साधन मात्र नहीं है। योगाभ्यास के दौरान कई तरह के आसनों व क्रियाओं को किया जाता है, जिससे व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से लाभ मिलता है।

यहां तक कि नियमित योग आपको शरीर के दर्द से लेकर बॉडी पोश्चर व कई स्वास्थ्य समस्याओं को बेहतर बनाने में भी मदद करता है। शायद यही कारण है कि आज के समय में बच्चों से लेकर बूढ़े तक, हर कोई अपनी फिटनेस रूटीन में योग को शामिल करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आपको सच में योग से फायदा मिल रहा है या नहीं, इस बात का पता लगाना भी बेहद जरूरी है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ संकेतों के बारे में बता रहे हैं, जो यह बताते हैं कि आपको योग से लाभ मिल रहा



है या नहीं-

### बॉडी फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ना

जब आप नियमित रूप से सही तरह से योगाभ्यास करते हैं तो इससे आपकी बॉडी की फ्लेक्सिबिलिटी बेहतर होती है। आप अपने ज्वॉइंट्स और मसल्स में रेंज ऑफ मोशन को बढ़ते हुए देखते हैं। हो सकता है कि अब आपके लिए आपको अपने पैर की उंगलियों को छूना, पीछे की ओर झुकना या ऐसे आसन करना आसान लगने लगे, जो पहले मुश्किल लगते थे।

### बॉडी पोश्चर इंप्रूव होना

जब आप नियमित रूप से योगाभ्यास करते हैं तो इससे आपका बॉडी पोश्चर भी इंप्रूव होता है। अब आपको अपने पोश्चर को लेकर सचेत होने की आवश्यकता नहीं होती है, लेकिन फिर भी आप अधिक सीधे खड़े होते हैं या बैठते हैं। आपकी स्पाइन का एलाइनमेंट इंप्रूव होता है और आपका झुकना कम हो जाता है। इतना ही नहीं, इससे खराब बॉडी पोश्चर के कारण होने वाले गर्दन दर्द व कमर दर्द की शिकायत भी दूर होती है।

### अधिक एनर्जेटिक फील करना

जब आप योगाभ्यास शुरू करते हैं तो कुछ ही दिनों में आपको खुद में बदलाव महसूस होने लगता है। जब योगाभ्यास से सेहत को फायदा होता है तो कुछ सकारात्मक बदलाव नजर आने लगते हैं। मसलन, इससे शरीर का एनर्जी लेवल बढ़ जाता है और पूरा दिन अधिक एक्टिव रहते हैं। आपको जल्द थकान या कमजोरी का अहसास नहीं होता है।

### बेहतर पाचन तंत्र

जब आप योगाभ्यास शुरू करते हैं तो इसका सकारात्मक असर आपके पाचन तंत्र पर भी पड़ता है। ऐसे कई योगासन होते हैं, जो आपको पाचन अंगों को अच्छी मालिश देते हैं। इससे ब्लड फ्लो और ऑक्सीजन में भी सुधार होता है। ऐसे में व्यक्ति को पाचन से जुड़ी समस्याओं जैसे कब्ज आदि का सामना कम ही करना पड़ता है। अगर आपका बाउल मूवमेंट पहले से बेहतर होने लगा है तो यह संकेत है कि योगाभ्यास से आपको फायदा मिल रहा है।



स्वास्थ्य रहने पर्याप्त नींद लेना जरूरी, लेकिन इसका भी समय तय रखें

# बहुत ज्यादा नींद आना हो सकता है किसी गंभीर समस्या का संकेत

अच्छी सेहत के लिए पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम जितना ही अच्छी नींद भी जरूरी है। मानसिक और शारीरिक दोनों सेहत को ठीक रखने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को रोजाना रात में कम से कम 6-9 घंटे की अच्छी नींद जरूर लेने की सलाह देते हैं। अच्छी नींद को बेहतर स्वास्थ्य का संकेत भी माना जाता है। पर कहीं आपको बहुत ज्यादा या अक्सर नींद-सुस्ती जैसी समस्या तो नहीं बनी रहती है? कहीं आपको दिन के समय भी तो अक्सर नींद नहीं आती रहती है? सोकर उठने के बाद फिर से सोने का मन करता है?ज्यादा नींद आने के कई कारण हो सकते हैं। शिफ्टवर्क (नाइट शिफ्ट), रात में पढ़ने या कोई अधिक मेहनत वाला काम करने से आपको इस तरह की दिक्कत कभी-कभी हो सकती है। पर अक्सर बनी रहने वाली ऐसी समस्या को चिंता का विषय माना जा सकता है।



### अत्यधिक नींद आते रहने की समस्या

अत्यधिक नींद आने को हाइपरसोमनिया के नाम से जाना जाता है। पर्यावरणीय और दिनचर्या जैसे कारकों के अलावा अवसाद, नींद संबंधी विकार, दवाओं के दुष्प्रभाव, थायरॉयड विकार और कुछ प्रकार की गंभीर अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी बहुत अधिक नींद आने लगती है। आमतौर पर, सामान्य से ज्यादा घंटे सोने और दिन के समय नींद आते रहने को हाइपरसोमनिया की समस्या माना जाता है। इसमें आपको थकान महसूस हो सकती है, या ऐसा लग सकता है जैसे आपकी आंखें थकी हुई हैं और उन्हें बार-बार बंद करने की जरूरत है। वैसे तो अधिक नींद आने को ज्यादा गंभीर नहीं माना जाता है हालांकि कुछ कारणों पर ध्यान देना जरूरी है जो इसकी वजह हो सकती हैं।

### कहीं ये दवाओं का साइड-इफेक्ट तो नहीं?

अत्यधिक नींद आने की समस्या कुछ प्रकार के दवाओं के साइड-इफेक्ट के कारण हो सकती है। विशेषतौर पर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करा रहे लोगों में ये दिक्कत अधिक देखी जाती रही है। मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि ब्लड प्रेशर, अवसाद, नाक बंद होने (एंटीहिस्टामाइन), मिर्गी आदि का इलाज करा रहे लोगों को दवाओं के कारण अधिक नींद आने की दिक्कत बनी रह सकती है। अगर आपको लगता है कि प्रिसक्रिप्शन दवाओं के कारण आपको ज्यादा नींद आ रही है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।



### न्यूरोलॉजिकल समस्याओं के कारण भी हो सकती है ये दिक्कत

कुछ प्रकार के न्यूरोलॉजिकल विकार जैसे नार्कोलेप्सी के शिकार लोगों को भी अक्सर या बहुत ज्यादा नींद आते रहने की दिक्कत हो सकती है। नार्कोलेप्सी की स्थिति मस्तिष्क की उस क्षमता को प्रभावित कर देती है जो सोने-जागने के चक्र को नियंत्रित करती है। रात के समय ऐसे रोगियों को अक्सर नींद टूटने (अनिद्रा के समान) की दिक्कत होती है। वहीं दिन में काम के समय अत्यधिक नींद आने का जोखिम बना रहता है। नार्कोलेप्सी से पीड़ित लोग बातचीत के बीच में या भोजन करते-करते भी सो सकते हैं।

### मानसिक स्वास्थ्य विकार

स्ट्रेस-एंग्जाइटी हो या अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य की समस्या, इसके शिकार लोगों को भी अक्सर नींद आते रहने की दिक्कत हो सकती है। अवसाद जैसी स्थितियां शरीर की ऊर्जा को कम कर देती हैं, जिससे अक्सर सुस्ती बनी रहती है और आपको नींद आती रह सकती है। अवसाद के रोगी अक्सर रात में ठीक से नहीं सो पाते हैं, तो उन्हें दिन में अत्यधिक नींद आती रहती है। मानसिक स्वास्थ्य विकारों का इलाज करा रहे लोगों को दवाओं के कारण भी बहुत ज्यादा नींद आती रहती है।




## बढ़ती उम्र में भी हड्डियां बनी रहेंगी मजबूत, अपनाएं ये उपाय

उम्र बढ़ने के साथ हड्डियों की कमजोरी और इससे संबंधित विकारों का जोखिम भी बढ़ने लगता है। आर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं के कारण चलना-उठना भी मुश्किल हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी ने इन जोखिमों को और भी बढ़ा दिया है। हड्डियां मजबूत बनी रहें और इनमें कमजोरी-क्षति न होने पाए इसके लिए आवश्यक है कि कम उम्र से ही प्रयास किए जाएं। आहार में कैल्शियम और विटामिन-डी जैसे पोषक तत्वों से भरपूर चीजों को शामिल करना, नियमित व्यायाम जैसे उपाय करके जोखिमों को कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हड्डियों की अच्छी सेहत के लिए पौष्टिकता से भरपूर चीजों का सेवन सबसे आवश्यक है। आइए जानते हैं कि ऐसे क्या उपाय किए जा सकते हैं जिससे 50 की उम्र में भी हड्डियां मजबूत बनी रहें और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा भी कम हो सके?

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

लखनऊ में फिजियोथेरेपिस्ट डॉ जोहैब काजी बताते हैं, 30 से कम उम्र के लोग पीठ-कमर दर्द की शिकायत के साथ आ रहे हैं। गठिया-जोड़ों में दर्द की दिक्कत भी बढ़ती देखी जा रही है। लाइफस्टाइल में गड़बड़ी जैसे लंबे समय तक बैठने, व्यायाम न करने जैसी आदतें इसके लिए



जिम्मेदार मानी जाती हैं। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए कम उम्र से ही प्रयास जरूरी है। तीन बातों का अगर शुरुआत से ही ध्यान रख लिए जाए तो 50 की उम्र में भी हड्डियों की मजबूती बनी रह सकती है।

### शारीरिक निष्क्रियता आपके लिए नुकसानदायक



शारीरिक निषक्रियता जैसे व्यायाम की कमी, ज्यादा देर तक बैठे रहने की आदत न सिर्फ क्रोनिक बीमारियां बढ़ाती हैं साथ ही इससे हड्डियों से संबंधित समस्याओं का खतरा भी अधिक हो सकता है।

हमारे जोड़ों को चिकनाई और स्वस्थ रहने के लिए गतिशीलता की आवश्यकता होती है। लंबे समय तक बैठे रहने से जोड़ों में अकड़न हो सकती है, जिससे दीर्घकालिक रूप में गठिया जैसी समस्याओं का खतरा रहता है। लंबे समय तक बैठे रहने से बचें और नियमित व्यायाम की आदत बनाकर आप हड्डियों की समस्याओं से सुरक्षित रह सकते हैं।

### पौष्टिक आहार जरूरी

अगर आपका आहार पौष्टिक है तो हड्डियों से लेकर सभी अंगों के लिए इसे लाभकारी माना जाता है। आपकी हड्डियों के लिए कैल्शियम से बेहतर कुछ नहीं है। इसके लिए डेयरी उत्पादों का सेवन करना चाहिए इसके साथ बहुत सारी सब्जियों में भी ये पाया जाता है।

## नवविवाहितों के लिए बेहद खास है पहली हरियाली तीज व्रत, इन बातों का रखें ध्यान

सावन माह में पड़ने वाली तीज का विशेष महत्व है। सावन में हरियाली तीज का पर्व 07 अगस्त को पड़ रहा है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और पूजा-पाठ करती हैं। इस साल पड़ने वाली हरियाली तीज नवविवाहितों के लिए खास मानी जा रही है। अब ऐसे में अगर कोई महिलाएं पहली बार हरियाली तीज का व्रत रख रही हैं, तो किन नियमों का पालन करना जरूरी है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।



### हरियाली तीज के दिन नवविवाहिता जरूर लगाएं मेहंदी

हरियाली तीज का त्यौहार सुहागिन महिलाओं के लिए खास महत्व रखता है। इस दिन महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा पहनकर, मेहंदी लगाकर, और पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। नवविवाहिताओं के लिए मेहंदी का विशेष महत्व होता है। यह उनके सुहाग और वैवाहिक जीवन की शुरुआत का प्रतीक है।

### हरियाली तीज के दिन जरूर पहनें हरे रंग के वस्त्र

हरियाली तीज का त्यौहार, जो श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है, सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। हरियाली तीज भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है। हरा रंग प्रकृति का प्रतीक है। यह जीवन, उर्वरता, और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसलिए हरियाली तीज के दिन नवविवाहित महिलाएं हरे रंग की साड़ी जरूर पहनें। 16 श्रृंगार को माता पार्वती का भी प्रतीक माना जाता है, जो स्त्रीत्व और सुहाग की देवी हैं। महिलाएं 16 श्रृंगार कर माता पार्वती की कृपा प्राप्त करने और अपने वैवाहिक जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त करने की कामना करती हैं। इसलिए हरियाली तीज के दिन नवविवाहिताओं को सोलह श्रृंगार अवश्य करना चाहिए।

## व्रत में बिना नमक के आहार बनाना मुश्किल नहीं, इन्हें जरूर आजमाएं



साल भर ऐसे कई त्योहार पड़ते हैं, जिनमें लोग व्रत रखते हैं। ऐसा माना जाता है कि उपवास रखकर पूजा-अर्चना करने से भगवान ही प्रसन्न नहीं होते, बल्कि शरीर भी शुद्ध होता है। इस दौरान खाने-पीने में खास तरह से सावधानी बरती जाती है। ऐसी कई चीजें होती हैं, जिनका परहेज किया जाता है। इसी में एक है नमक... व्रत में सफेद नमक नहीं खाया जाता है,क्योंकि उसे रिफाइन किया जाता है। इसकी जगह खाने में सेंधा नमक डाला जाता है।

### शकरकंद चाट

सबसे पहले आलू और शकरकंद को बॉयल कर लें। छीलकर उन्हें काट लें और एक एक मिक्सिंग बाउल में डालें। अब इसमें खीरा, टमाटर और हरी मिर्च डालकर मिक्स करें। ऊपर से भुना हुआ जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिलाएं।हरे धनिया से इसे गार्निश करें। यह चाट आपको बहुत पसंद आएगी। नींबू के कारण इसमें नमक की आवश्यकता नहीं होगी। इसे भी पढ़ें: सिर्फ 10 मिनट में तैयार हो जाएंगे ये फलाहारी स्नैक्स, सावन के महीने में जरूर बनाएं

### कुट्टू का डोसा

एक मिक्सिंग बाउल में कुट्टू का आटा और पानी डालकर मिक्स करें और स्मूथ घोल बनाएं।दूसरी ओर, एक पैन में घी डालकर गर्म करें और उसमें जीरा डालकर चटकने दें।पैन में उबले हुए आलू को छोटा-छोटा काटकर डालें और 2 मिनट भूनें। इसके बाद उसमें हरी मिर्च और गरम मसाला पाउडर डालकर मिलाएं।इमली का पल्प डालकर मिक्स करें और आंच को बंद करके पैन को एक तरफ रख दें।अब मीडियम आंच पर एक नॉन-स्टिक कड़ाही या डोसा पैन गर्म करें। इसे घी से स्मूथ करें।कड़ाही पर एक करछुल घोल डालें और इसे समान रूप से फैलाकर पतला डोसा बनाएं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

Furniture'sway
अब डायरेक्ट फैक्ट्री से फर्नीचर बनवाएं
वह भी मार्केट से 10 से 30% कम दाम पर
Register now www.furnituresway.com 9826949400, 9826949402

Trust of 44 Years
बलदेव फर्नीचर
Exclusive Furniture Showroom
मानसून ऑफर स्पेशल डिस्काउंट
बेडरूम सेट
New Range Available
फर्नीचर की उत्कृष्ट श्रृंखला
गुरूनानक चौक एवं जनक बाड़ा, रायपुर 0771-4047333, 6262156666

ALFINE
ए-वन मोटर्स
ई- रिक्शॉ एवं ई-कार्गो
रायपुर में पहली बार
200 Km. माइलेज के साथ ई-रिक्शा
डाउनपेमेंट 25000 से शुरू
देशबंधु प्रेस के सामने, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.) 98271 92369, 90099 77768

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
• TDS रिफंड • GST रजिस्ट्रेशन • इनकम TAX फाइल
• प्रोजेक्ट रिपोर्ट • MSME रजिस्ट्रेशन • GST रिटर्न फाइल
• CMA DATE • फूड लाइसेंस • BALANCE SHEET
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
संपर्क : शेखर गुप्ता, मो. 93007-55544, 8878655544 D-6 सेक्टर-2, गुरुद्वारा के सामने देवेन्द्र नगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस प्रैट, जेम्स गन और फैंस पर छोड़ा रोल तय करने का काम



अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था।

डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि फिर से ऐसा करने का मौका मिल सकता है। मालूम हो कि साल 2014 में आई फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' में क्रिस प्रैट ने पीटर क्विल (उर्फ स्टार-लॉर्ड) का किरदार अदा करते हुए एमसीयू में डेब्यू किया था। इसका निर्देशन जेम्स गन द्वारा किया गया था। जेम्स गन की बात करें तो वो साल 2022 में पीटर सफरन के साथ डीसी स्टूडियो से जुड़े थे। वो इन दिनों सुपरमैनः लिगेसी के निर्देशन में जुटे हुए हैं। इस फिल्म में डेविड कोरेंसवेट मैन ऑफ स्टील के किरदार में दिखाई देंगे। उनके अलावा स्काईलर गिसोंडो ने जिमी ऑलसेन, रेचल ब्रोसनाहन ने लोइस लेन और निकोलस हॉल्ट ने लेक्स लूथर की भूमिका निभाई है।

### टॉलीवुड

## 'विश्वंभरा' में चौंकाएगा चिरंजीवी का लुक, जल्द आएगा टीजर



चिरंजीवी की नई फिल्म 'विश्वंभरा' को लेकर धीरे-धीरे माहौल बनना शुरू हो गया है। फिल्म की घोषणा के बाद से ही चिरंजीवी के प्रशंसक फिल्म से उनकी झलक देखने के लिए उतावले हो रखे हैं, क्योंकि फिल्म की घोषणा का वीडियो काफी दमदार था, जिसे देखकर लग रहा था कि फिल्म में कुछ नया देखने को मिलने वाला है। अब इस फिल्म को लेकर एक ताजा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बहुत जल्द 'विश्वंभरा' का एक छोटा सा टीजर रिलीज होने वाला है। अपडेट केवल इतना ही नहीं है। इस फिल्म की मेकिंग वीडियो के साथ-साथ फिल्म से चिरंजीवी का लुक भी सामने आएगा।

'विश्वंभरा' में चिरंजीवी के साथ-साथ बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर भी नजर आएंगे। उनके किरदार को लेकर कहा जा रहा है कि वो खलनायक का रोल निभा रहे हैं। फिल्म में उनके और चिरंजीवी के बीच टक्कर देखने को मिल सकती है। इन दोनों के अलावा त्रिशा भी परदे पर अभिनय करती दिखाई देंगी। वैसे मीडिया रिपोर्ट्स में एक चर्चा इस बात की भी है कि टीजर के जरिए दर्शकों के बीच फिल्म के प्री रिलीज बिजनेस को लेकर जागरुकता पैदा करने की कोशिश की जाएगी। बता दें कि 'विश्वंभरा' की शूटिंग तेजी से की जा रही है और इसके साथ-साथ पोस्ट-प्रोडक्शन का काम भी किया जा रहा है। यह फिल्म चिरंजीवी के अभिनय करियर की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। 'विश्वंभरा' का निर्देशन वशिष्ठ मल्लादी कर रहे हैं। वहीं, यूवी क्रिएशन्स द्वारा फिल्म का निर्माण किया जा रहा है। फिल्म में एमएम कीरवानी की धुनें सुनने को मिलेगी। इसे 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया।

### भोजपुरी

## पवन ने 'सूर्यवंशम' के ट्रेलर में उड़ाया गर्दा, स्टंट देख फैंस बोले- मजा आ गया



पावर स्टार पवन सिंह की फिल्म 'सूर्यवंशम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है । 4 मिनट 16 सेकेंड लंबे ट्रेलर की शुरुआत पवन सिंह के धांसू एक्शन से होती है, जिसमें उनका जलवा देखते ही बनता है। फिल्म में पवन सिंह के साथ आस्था सिंह नजर आ रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री काफी अपीलिंग है। 'सूर्यवंशम' में पवन सिंह एक किसान की रोल में हैं, जो ट्रेक्टर भी खुद चलाते हैं और जुल्म करने वाले विलेन को मस्त तोड़ते भी हैं। 'सूर्यवंशम' के ट्रेलर में पवन का दमदार एक्शन, दिलचस्प कहानी और शानदार डायलॉग्स देखने को मिलते हैं। फिल्म में आस्था सिंह और पवन सिंह के रोमांस के बीच आत्मीय पहलु भी देखने को मिलने वाला है। कुल मिलकर देखा जाए, तो एक ब्रेक के बाद पावर स्टार पवन सिंह का पावर अब बॉक्स ऑफिस पर भी देखने को मिलने वाला है। इसकी एक झलक फिल्म के ट्रेलर में मिल रही है। ट्रेलर में दिखाए गए एक्शन सीक्वेंस और इमोशनल सीन ने दर्शकों को फिल्म के प्रति और क्रेजी कर दिया है। यूट्यूब पर इसे 8 घंटों में तीन लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। फैंस कंमेंट कर रहे हैं कि ट्रेलर एकदम धाकड़ है और इसे देखकर उनका दिल खुश हो गया।

## लाइफ स्टाइल

### इंद्रधनुषी छटा रैम्प पर



बरबेरी, वर्सेस और डायर कुछ ऐसे पावर फैशन हाउस हैं जो इस सीजन में इंद्रधनुषी रंगों के साथ रनवे को चमका रहे हैं। हालाँकि शरद ऋतु/सर्दियों के महीने आमतौर पर गहरे रंगों के लिए तय होते हैं, लेकिन बारिश की फुहारों के बीच जैसे आसमान पर कभी इंद्रधनुष दिखाई दे जाता है, ठीक उसी तरह पेरिस फैशन वीक में डिजाइनरों ने रैम्प पर अपने मॉडल के जरिए इंद्रधनुषी छटा बिखेरी है। इसे फैशन की दुनिया में हाथों-हाथ लिया गया।

## सावन में खिलेगी मेहंदी की खूबसूरत डिजाइन

सावन में अलग-अलग मौके के लिए आप अपनी मेहंदी के लिए खूबसूरत डिजाइन तय कर लें। इससे आपकी हथेली खिली-खिली नजर आएंगी। यहां हम आपको तीज के लिए मेहंदी की खूबसूरत डिजाइन दिखाने जा रहे हैं।



### बनवाएं महादेव-पार्वती की तस्वीर

अपनी मेहंदी को खास बनाने के लिए आप चाहें तो हाथों पर महादेव और माता पार्वती की तस्वीर बनवा सकती हैं। इस मेहंदी में चार चांद लगाने के लिए मेहंदी में महादेव के मंदिर की तस्वीर भी बनवा सकती हैं।

### झूला झूलता कपल

अगर शादी के बाद ये आपकी पहली हरियाली तीज है तो ये डिजाइन आपके लिए परफेक्ट रहेगी। इस डिजाइन में एक कपल दिख रहा है। लड़की झूले पर बैठी है और लड़का उसे झूला झुला रहा है। इसके साथ आप अपनी इस मेहंदी में अपने पति का नाम भी लिखवा सकती हैं।

### झूला झूलती महिला

अगर आपके पास ज्यादा समय नहीं है लेकिन आप फिर भी मेहंदी की कुछ अलग डिजाइन अपने हाथों पर रचाना चाहती हैं तो ये डिजाइन काफी परफेक्ट है। इसके लिए आपको बस अपने हाथों में झूला झूलती महिला की तस्वीर बनानी हैं।

## तीज के लिए बनवा लें अनारकली सूट, लगेंगी सबसे खूबसूरत



फैशन

सावन के महीने में कई ऐसे त्योहार आते हैं, जिनका काफी महत्व है। इन त्योहारों में सबसे अहम है हरियाली तीज का त्योहार। ये त्योहार सुहागिन महिलाओं के साथ-साथ कुंवारी लड़कियों के लिए भी काफी अहम होता है। इस दिन माता पार्वती की पूजा-पाठ करके सुहागिन महिलाएं अपने लिए अखंड सौभाग्य की कामना करती है, वहीं कुंवारी कन्याएं अपने लिए महादेव जैसे वर की कामना करती हैं।

तीज का त्योहार उन महिलाओं के लिए भी बेहद खास होता है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। शादी के बाद पहली हरियाली तीज के लिए नई दुल्हनें काफी तैयारी करती हैं। अक्सर घरों में हरियाली तीज का त्योहार महिलाएं अपने मायके जाकर मनाती हैं, ऐसे में उनका खूबसूरत दिखना भी बनता है। वो इसके लिए कई-कई दिनों पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं।



अगर आप हरियाली तीज के लिए कुछ अलग आउटफिट बनवाने का सोच रही हैं तो हरे रंग का अनारकली सूट एक बेहतर विकल्प है। यहां हम आपको कुछ अभिनेत्रियों के अनारकली सूट लुक दिखाने जा रहे हैं।

**नेहा शेट्टीः** हरियाली तीज पर हरा रंग पहनना काफी शुभ माना जाता है। ऐसे में आप इस तरह का घेर वाला अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ऐसा सूट बनवाते वक्त ध्यान रखें कि इसमें घेर काफी ज्यादा होना चाहिए। इसके किनारों पर आप गोल्डन बॉर्डर लगवा सकती हैं।

**अदिति राव हैदरी :** अगर अलग स्टाइल का अनारकली बनवाना है तो आप ऐसा शॉर्ट अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। इसके साथ आप साधारण पायजामी पहनने की बजाय धोती स्टाइल पायजामी बनवा सकती हैं। अपने लुक के साथ लहरिया प्रिंट का दुपट्टा कैरी कर सकती हैं।

**हिना खानः** इस तरह का गोल्डन बॉर्डर वाला अनारकली सूट भी आपका खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। इस तरह के हरे रंग सूट के साथ नीले रंग का दुपट्टा कैरी कर सकती हैं। आप चाहें तो इस सूट में अपने पसंद की लेस लगा सकती हैं।

**देवोलीना :** गर्मी का मौसम चल रहा है। ऐसे में आप कॉटन फैब्रिक का अनारकली सूट अपने लिए तैयार करा सकती हैं। ऐसे प्लेन सूट के साथ फ्लोरल प्रिंट का दुपट्टा जरूर कैरी करें।

## त्वचा के लिए वरदान है आलू का रस, जानें इसके फायदे और इस्तेमाल का सही तरीका

मानसून की शुरुआत हो गई है, ऐसे में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर आप अपनी त्वचा का ध्यान सही से नहीं रखेंगे तो इससे कई तरीके की परेशानियां उत्पन्न होती हैं। इस मौसम में चिपचिपेपन की वजह से चेहरे पर मुंहासे, एक्ने और अन्य परेशानियां भी पैदा होने लगती हैं।

वैसे तो बाजार में आपको कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स मिल जाएंगे जो त्वचा को सही करने का काम करते हैं लेकिन बहुत से लोगों को इन प्रोडक्ट्स पर भरोसा नहीं होता। ऐसे में आप घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। अगर आप दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो आलू के रस का इस्तेमाल भी स्किन केयर में कर सकते हैं। आलू के रस के इस्तेमाल से आपको कई परेशानियों से छुटकारा मिलेगा। उसके साथ ही इसका इस्तेमाल करना काफी सरल भी है। आईए आपको इसके फायदे और इस्तेमाल करने का सही तरीका बताते हैं।

### आलू का रस निकालने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आलू को अच्छे से धोकर छील लें। फिर उसे कद्दूकस करके



उसका रस निकालें। अब आप इसे छानकर साफ रस को एक कटोरी में अलग रख सकते हैं।

### इस्तेमाल की विधि

आलू के रस को एक साफ कपड़े या रूई से चेहरे पर लगाएं। आप इसे पूरे चेहरे लगा सकते हैं। इसे 10-15 मिनट तक सूखने दें और फिर चेहरे को सादे पानी से धो लें। चेहरे को ठंडे पानी से धोने के बाद तौलिए से थपथपा कर सुखा लें। ये आपकी त्वचा को काफी फायदा पहुंचाएगा।

## मानसून के दौरान बालों में सोच-समझ कर लगाएं दही, फायदे की जगह हो सकता है नुकसान

बालों में दही लगाने से बाल स्मूथ और सिल्की होते हैं, साथ ही रूसी समते कई सारी परेशानियों से भी छुटकारा मिलती है। इसलिए बहुत से लोग हर मौसम अपने बालों में बहुत सारी चीजों को दही के साथ मिलाकर लगाते हैं। बता दें कि सभी इन्ग्रेडियंट्स का दही के साथ मिलाकर लगाने से अलग फायदा और नुकसान है। मानसून में दही के साथ किन चीजों को मिलाकर नहीं लगाना चाहिए, जिसके बारे में आज हम आपको बताएंगे।



### दही के साथ न मिलाएं ये चीजें

**नींबू का रसः** नींबू का रस बहुत ही खट्टा होता है। जब इसे दही के साथ मिलाया जाता है, तो यह बालों को ड्राई और बेजान बना सकता है। नींबू का रस बालों की नमी को कम कर सकता है, जो मानसून के दौरान बालों में अधिक समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

**हल्दीः** हल्दी का उपयोग अक्सर स्किन के लिए किया जाता है, लेकिन इसे भूनकर बालों में भी किया जाता है। जिसे मानसून में लगाने से कुछ समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। धूप न होने और नमी के कारण दही और हल्दी का मिश्रण बालों में जमी रह सकती है और इसे निकालना मुश्किल हो सकता है। यह बालों की रंगत को भी प्रभावित कर सकता है।

**चायपत्तीः** चायपत्ती या चाय का पानी बालों में दाग छोड़ सकता है, जिससे बालों की चमक कम हो सकती है। मानसून के दौरान, चायपत्ती और दही को साथ में मिलाकर लगाने से स्कैल्प में गंदगी जम सकती है।

**शहदः** शहद में चीनी की भरपूर मात्रा होती है, जो दही के साथ मिलाकर बालों में चिपचिपापन पैदा कर सकती है। शहद और दही बालों में लगाने के बाद बाल और स्कैल्प को अच्छे से धोने में दिक्कत हो सकती है।

कार्नर न्यूज

### इस साल पुरुषों की पसंद वही, जो मॉडर्न लुक दे

## आरामदेह और हलचल मचा देने वाले ट्रेंड पसंद कर रहे हैं पुरुष इस सीजन में


*साल 2024 आपकी व्यक्तिगत शैली का मूल्यांकन करने का एक शानदार अवसर है। मेंस फैशन में खुद को पेश करने के तरीके को अपडेट और अपग्रेड करने के लिए विचार की आवश्यकता होती है, और अक्सर, विशेषज्ञ की सलाह की भी। स्टाइल ट्रेंड वर्तमान में अधिक आरामदेह, हलचल मचाने वाले लोगों को पसंद करते हैं। फैशन के विकल्प केवल रुझानों से तय नहीं होने चाहिए क्योंकि जो लोग उनका बहुत सख्ती से पालन करते हैं उनमें अक्सर मौलिकता की कमी होती है- कभी भी अच्छा लुक नहीं होता। हालाँकि, वर्तमान में बने रहना और सांस्कृतिक शैली के साथ संपर्क में रहना एक अच्छा लुक है। आप बेहतर दिखेंगे और बेहतर महसूस करेंगे, और लोग नोटिस करेंगे। सबसे बढ़कर, प्रामाणिकता महत्वपूर्ण है, और आपको वही पहनना चाहिए जो आपके लिए काम करता है।*



### जींस होनी चाहिए ऐसी

पुरुषों के कपड़ों का चलन चक्रीय होता है, और जैसे ही कोई खास परिधान या फिटिंग अभी चल रही होती है, पेंडुलम हमेशा झूलता रहता है। यहां दिए गए सुझाव व्यापक हैं, जो आने वाले साल में क्या पहनना है, इसके लिए सामान्यीकृत और कालातीत स्टाइल टिप्स प्रदान करते हैं।

खास तौर पर जेगिंग या जींस की बात चल रही हैं। जो देखने में ऐसे लगते हैं जैसे किसी लड़के के पैरों से उतारकर निकाले जा सकते हैं। जब आपकी जींस आपको सांस लेने के लिए जगह नहीं देती है तो न केवल आराम का त्याग होता है, बल्कि वे लगभग 10 साल पहले जींस की अलमारियों पर छाए रहने वाले जींस की याद भी दिलाते हैं। इसके



बजाय, पूरे पैर में एक पतला या सीधा आरामदायक फिट चुनें जो कुछ जगह देता है, जिससे अधिक स्टाइलिश सिल्हूट बनता है। मुझे थोड़ी सी टेपर पसंद है जब तक कि पूरे पैर में जगह हो। आप अपनी जींस पहनना चाहते हैं और नहीं चाहते कि वे आपको पहनें।

### चेल्सी बूट जानते हैं आप..?

लगभग सात साल पहले आप बिना पॉइंटेड चेल्सी बूट (अक्सर स्किनी जींस के साथ पहने जाने वाले!) देखे कहीं नहीं जा सकते थे। यह एक कालातीत शैली है, लेकिन वर्तमान आरामदायक और सहज फैशन के माहौल में, वे थोड़े बहुत परिष्कृत और आलीशान लग सकते हैं। इसके बजाय, ब्लंडस्टोन जैसे गोल स्लिप-ऑन चेल्सी बूट को आजमाने पर विचार करें, जिसने पिछले कुछ वर्षों में फैशन में फिर से उछाल देखा है। ये बहुमुखी जूते आरामदायक और सीधे पैर वाली जींस या पतलून के साथ अच्छी तरह से मेल खाते हैं, और यह भी नहीं कहा जा सकता कि वे खराब मौसम में अधिक टिकाऊ होंगे।